# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, सोमवार, 10 नवंबर 2025 haribhoomi.com


**आकाश ने बनाया विश्व रिकॉर्ड**

## 8 गेंदों पर लगातार आठ छक्के, 11 गेंद पर पचासा



### 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**सूरत।** मेघालय के आकाश कुमार चौधरी रविवार को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार आठ छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यहां अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में केवल 11 गेंदों पर इस प्रारूप का सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा। चौधरी ने सीके पीठावाला मैदान पर मैच के दूसरे दिन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह शानदार उपलब्धि हासिल की। वह 14 गेंदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे ▶▶|शेष पेज 7 पर

आकाश चौधरी ने दुनियाभर के फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने 2012 में काउंटी के खिलाड़ी वेन व्हाइट के 12 गेंद पर अर्धशतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। जबकि रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 2015-16 में जम्मू ▶▶|शेष पेज 7 पर

**जेवर दुकान में हुई चोरी में शामिल होने के मामले में लिया था कस्टडी में, सुबह अस्पताल में तोड़ा दम**

# पुलिस हिरासत में मौत से हड़कंप, परिजन बोले-पुलिस ने पीट पीटकर मारा, एसपी ने कहा-सिकलिन से पीड़ित था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/बलरामपुर

रविवार को चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए युवक की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई। मृतक को लगभग 50 लाख रुपए की चोरी के मामले में पकड़ा गया था और पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के जेवर बरामद किए थे और सुबह कोर्ट में पेश करने वाली थी लेकिन इससे पहले ही संदिग्ध रूप से उसकी मौत हो ▶▶|शेष पेज 7 पर

### परिजन ने लगाया पुलिस पर मारपीट का आरोप

**जांच के निर्देश**

चोरी के आरोपी उमेश सिंह की मौत के मामले में पुलिस विभाग एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। इस घटना के बाद कोतवाली थाना की पुलिस और गंभीर आरोप लगे है। ऐसे में इस घटना के मामले में न्यायिक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### होगी न्यायिक जांच

*मृतक भी चोरी में शामिल था और उसने अपना जुर्म स्वीकार किया था। हमने उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया था। मृतक पहले से बीमार था और सिकलिंग का मरीज था। उसे एक साल में 10 बार ब्लड चढ़ा है जबकि दो बार वह अस्पताल में भर्ती हुआ। इस मामले में न्यायिक जांच की जाएगी। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नियमानुसार पीएम कराया गया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।*

*-विश्व दीपक त्रिपाठी, एएसपी*

### परिजनों ने की न्याय की मांग

*इधर इस घटना के बाद परिजन ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। मृतक की मां अगरबती सिंह, बहन व अन्य परिजन का कहना है कि पुलिस रात में सोते समय उमेश को घर से उठाकर लाइ थी। इस दौरान हाथ पैर बांधकर उसके साथ नकना में ही मारपीट की गई थी जबकि अंबिकापुर के एक होटल में रखकर मारपीट की गई। परिजन जब बलरामपुर पहुंचे तो उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा था। परिजन तीन दिनों से जिला अस्पताल में रुके हुए थे।* ▶▶|शेष पेज 7 पर


**आनंद का सच्चा भाव**

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹89165/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹108900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹118875/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND jewels Pandri, Raipur





**गुजरात एटीएस ने नाकाम की बड़ी साजिश, शिकंजे में तीन आतंकी**

# चीन से एमबीबीएस फिर आईएस में भर्ती, डॉक्टर बना मौत का सौदागर!

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात एटीएस ने एक ऐसी आतंकी साजिश का भंडाफोड़ किया है, जिसने पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है। चीन से एमबीबीएस कर चुके हैदराबाद निवासी डॉक्टर अहमद मोहिउद्दीन सैयद समेत तीन आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत के संपर्क में थे। इनका टारगेट था-अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली में 'जहर के हथियार' से तबाही मचाना।

गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने चीन से एमबीबीएस की डिग्री करने वाले एक डॉक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक संदिग्ध आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपी डॉक्टर कथित तौर पर अत्यधिक घातक रासायनिक जहर 'रिसिन' तैयार कर रहा था और उसका आका इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) से जुड़ा हुआ है।

एक वरिष्ठ एटीएस अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपियों में एक डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद और आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है और उन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद में कई संवेदनशील स्थानों की रेकी की थी। गुजरात एटीएस के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने संवाददाताओं को बताया, डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद उच्च शिक्षित और कट्टरपंथी है तथा उसने बड़ी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश के तहत धन इकट्ठा करने और लोगों की भर्ती ▶▶|शेष पेज 7 पर



- अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली में 'जहर के हथियार' से था तबाही का प्लान
- रिसिन जहर से आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश



### 'रिसिन' से तबाही की साजिश

गुजरात एटीएस के अनुसार, तीनों आरोपी 'रिसिन' नामक एक लिक्विड तैयार कर रहे थे। यह लिक्विड इंसान के शरीर के संपर्क में आते ही जानलेवा असर डाल सकता है। जांच एजेंसियां मान रही हैं कि यह पदार्थ सायनाइड से भी घातक है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि अहमद ने मेडिकल बैकग्राउंड का इस्तेमाल कर इस जहर को तैयार करने की प्रक्रिया सीखी थी।

### डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद का आका अबू खदीजा अफगानिस्तान का निवासी है और आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) से जुड़ा है तथा वह पाकिस्तान के कई लोगों के संपर्क में भी रहा है। आरोपी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम, दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जिन्हें बनासकांठा जिले से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने कथित तौर पर राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार हासिल किए थे।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों की पड़ताल

अब एनआईए, आईबी और रॉ समेत कई एजेंसियां इस मॉड्यूल की अंतरराष्ट्रीय कड़ी खंगाल रही हैं। गुजरात एटीएस भी विभिन्न राज्यों में मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एटीएस केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय करके अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करेगी। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इधर, पाक नेटवर्क पर कश्मीर में ताबड़तोड़ छापेमारी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ जारी कार्रवाई का जम्मू के विभिन्न इलाकों में विस्तार करते हुए पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर काम कर रहे स्थानीय आतंकवादियों और उनके 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली। कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है, जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं तथा गुप्त गतिविधियां संचालित करने में उनकी मदद करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि रामबन, किश्तवाड़, डोडा, कठुआ, रियासी, पूंछ और राजौरी जिलों में कई जगहों पर व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है। जम्मू के डोडा जिले में बड़े पैमाने पर जारी आतंकवाद-रोधी अभियान के बीच शनिवार को कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

# कैंप गोमगुड़ा क्षेत्र में आईईडी प्लांट की तैयारी में थे नक्सली, गिरफ्तार



### पांच लाख के ईनामी थे दो नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

दो नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। छग शासन की ओर से इन पर पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित है। दोनों नक्सली कैम्प गोमगुड़ा क्षेत्रांतर्गत सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की योजना की तैयारी में आए हुए थे। थाना चिंतलनार में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार नक्सली जिला बीजापुर के थाना पामेड़ के निवासी हैं। इन नक्सलियों की गिरफ्तारी थाना चिंतलनार, डीआरजी सुकमा एवं 203 कोबरा वाहिनी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बरामद की गई सामग्री

नक्सलियों से पूछताछ करने पर अपना नाम ताती बंडी पिता ताती हड़मा मिलिशिया कमांडर ईनामी तीन लाख (35), निवासी ग्राम गोमगुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर एवं पदाम हड़मा पिता पदाम हांदा डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनामी दो लाख (45), निवासी ग्राम गुण्डराजगुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर का होना बताया। इनके कब्जे से 9 नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, जिलेटिन रॉड 5, कोर्डेक्स वायर लगभग 45 फीट, बिजली वायर लगभग 55 मीटर, फ्यूज वायर लगभग 14 फिट बरामद किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 'नट मंडप' में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगाई

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर के 'नट मंडप' में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। अब 13वीं शताब्दी के मंदिर के 'नट मंडप' पर प्रवेश करने या पत्थर की नक्काशीदार कलाकृतियों को छूने की अनुमति नहीं होगी।



### टेम्पो अनियंत्रित होकर पलटा, दो भाइयों की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। हलालपुर गांव के निवासी एक परिवार के कुछ सदस्य टेम्पो में सवार होकर देवबंद के फतेहपुर गांव जा रहे थे। रास्ते में टपरी-नागल मार्ग पर लाखनौर गांव के पास एक मोटरसाइकिल से टक्कर होने के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।

### अंडमान सागर में 5.4 तीव्रता का भूकंप

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान सागर में रविवार को 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, लेकिन किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।



### कार पेड़ से टकराई तीन युवकों की मौत

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में एक कार चालक के नियंत्रण खो देने के कारण एक कार, पेड़ से टकराने के बाद पास के धान के खेत में पलट गई, जिससे इस घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सनूश (19), रोहन रंजीत (24) और रोहन संतोष (22) के रूप में हुई है। ये सभी पलक्कड़ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि घायलों में ऋषि (24), जितिन (21) और आदित्यन (23) शामिल हैं।

**ईपीएफओ ने खत्म कर दिया झंझट**

# नौकरी बदलते ही नए अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नौकरी बदलते ही पीएफ ट्रांसफर का झंझट अब खत्म होने जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नया ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम शुरू किया है, जो 2025 से पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि जब भी कोई कर्मचारी नई नौकरी जॉइन करेगा, उसका पुराना पीएफ बैलेंस अपने आप नए एम्प्लॉयर के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा। अब न तो किसी फॉर्म की जरूरत होगी, न पुराने ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ेंगे। पहले सिस्टम में कर्मचारियों को ▶▶|शेष पेज 7 पर




### फ्राड की संभावनाएं होंगी खत्म

नए ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम से अब यह परेशानी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। ईपीएफओ का कहना है कि इससे 10 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह सिस्टम पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस होगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी बल्कि यूएएन के आधार पर ट्रांसफर होने से फ्रॉड की संभावनाएं भी कम होंगी।

**गडकरी की चुटीली नसीहत**

# पत्नी से ज्यादा फाइलों से प्यार करते हैं अफसर

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में सरकारी अधिकारियों को चुटीली नसीहत दी है। नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि सरकारी अधिकारी फाइलों से अपनी पत्नी से भी ज्यादा प्यार करते हैं, जिस कारण वे फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखते हैं। राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने अधिकारियों से अपील की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### निर्णय में देरी से नुकसान

गडकरी ने स्पष्ट निर्देश दिए, अगर कोई काम नियम में फिट नहीं बैठता तो सीधे ना कहें, लेकिन निर्णय तो लें। टैक्स वसूलिए, छापे मारिए, लेकिन निर्णय लेना मत भूलिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्णय में देरी से बहुत नुकसान होता है। गडकरी का यह बयान सरकारी कामकाज में तेजी लाने और लालफीताशाही को कम करने की दिशा में एक स्पष्ट संदेश था।

**आरएसएस पर उठे सवालों का संघ प्रमुख भागवत ने दिया जवाब**

# हम मान्यता प्राप्त संस्था, पंजीकरण की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बिना पंजीकरण के काम करने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि उनके संगठन को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है। भागवत ने आरएसएस द्वारा आयोजित एक आंतरिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में पूछा, आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी, तो क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के पास पंजीकरण कराते? उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य नहीं बनाया। भागवत ने स्पष्ट किया, हमें व्यक्तियों के निकाय ▶▶|शेष पेज 7 पर



### भगवा और तिरंगा दोनों का सम्मान

मोहन भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान, श्रद्धांजलि और रक्षा करता आया है। उन्होंने बताया कि 1933 में राष्ट्रीय ध्वज तय करने वाली समिति ने भगवा रंग की सिफारिश भी की थी, लेकिन महात्मा गांधी ने तीन रंगों वाला तिरंगा चुना। भागवत ने कहा हमारा भगवा अपना है और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय प्रतीक दोनों में कोई टकराव नहीं है।

### मुस्लिम, ईसाई पर कही यह बात

जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में शामिल होने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा संघ में किसी ब्राह्मण, किसी दूसरी जाति, किसी मुस्लिम या ईसाई को अलग से नहीं लिया जाता। संघ में केवल हिंदू समाज के सदस्य आते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि संघ में आने वाले व्यक्ति अपनी अलग पहचान घर पर छोड़कर आते हैं।

### क्या है मामला

भागवत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल में कहा था कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने आरएसएस की पंजीकरण संख्या और उसके वित्तपोषण के स्रोत पर भी सवाल उठाए।





कोरिया। धान खरीदी की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। प्रदेशभर में 15 नवंबर से खरीदी केंद्रों में खरीदी शुरू हो जाएगी। लेकिन कोरिया जिले के बैकुठपुर ब्लॉक अंतर्गत बड़गांव धान संग्रहण केंद्र में इन दिनों दूसरा ही नजारा है। खुले में पड़ी बोरियों में अब धान के पौधे उग आए हैं। मेहनतकश किसानों की उपज अब प्रशासन की अनदेखी के चलते जमीन पर अंकुर बन चुकी है। केंद्र परिसर में इधर-उधर बिखरी बोरियां, सड़ी तिरपालें और भीगे धान के ढेर इस बात का सबूत हैं कि खरीदी शुरू होने से पहले तक यहां कोई भी तैयारी नहीं की गई है।

## 4 दिन बाद शुरू होनी है खरीदी लेकिन एक संग्रहण केंद्र ऐसा जहां पुराना धान हो गया अंकुरित



कोरिया जिले के बड़गांव केंद्र में तिरपालें भी सड़ीं





### तिरपालें सड़ रहीं, पौधे उग रहे लापरवाही का 'हरा' प्रमाण

पिछले वर्ष लाखों रुपए खर्च कर खरीदी गई तिरपालें अब केंद्र के एक कोने में बिना उपयोग के पड़ी हैं। तेज धूप और बरसात ने उन्हें जगह-जगह से फाड़ दिया है। वहीं, धान की बोरियां न तो ढकी हैं और न ही किसी प्लेटफॉर्म पर रखी गई हैं। नतीजतन, नमी और वर्षा के कारण बोरियों में धान अंकुरित होकर पौधे बन चुका है। कुछ जगहों पर तो पौधे 3 से 4 इंच तक बढ़ गए हैं। केंद्र पर पहुंचने वाले किसानों का कहना है कि पिछले साल खरीदी के दौरान भी तिरपालों की कमी और भीगने की शिकायतें की गई थीं, लेकिन इस बार भी कोई सबक नहीं लिया गया।

## खबर संक्षेप

### आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ का जवान घायल, रायपुर रिफर

**जगदलपुर।** जिला सुकमा के थाना फूलबगडी के गोगुंडा के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में रविवार को दोपहर लगभग 1.45 बजे एरिया डॉमिनेशन के दौरान 74 वीं वाहिनी सीआरपीएफ का एक जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर घायल हो गया । घटना में जवान के पैर में गंभीर चोट पहुंची हैं । घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया है । यह घटना इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग अभियान के दौरान हुई । घटना के सम्बन्ध में माओवादियों के विरूद्ध कार्रवााई थाना फूलबगड़ी पुलिस कर रही है।

### दंतेवाड़ा में व्यापारी से 280 बोरा अवैध धान जब्त



**दंतेवाड़ा।** व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से धान के संग्रहण और विक्रय को रोकने के लिए राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। खाद्य अधिकारी कीर्ति कौशिक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई नकुलनार एवं गंजेनार क्षेत्रों में की गई। जांच के दौरान मे. पासवान ट्रेडर्स नकुलनार के गोदाम से 250 बोरी धान तथा चंद्रपाल सिंह भदौरिया के गोदाम से 30 बोरी धान बिना वैध दस्तावेज के भंडारित पाए गए। कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के उल्लंघन के चलते कुल 280 बोरी धान जब्त कर लिया गया। वहीं मे. विपिन ट्रेडर्स गंजेनार में 30 क्विंटल और विवेक सिंह नकुलनार के गोदाम में 225 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया, जिसके लिए वैध बी-1 पंजी एवं कृषि उपज मंडी गीदम द्वारा जारी पर्ची प्रस्तुत की गई, जो जांच में सही पाई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी धान खरीदी सीजन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध भंडारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दो महीने से लापता युवक का शव कार सहित शिवनाथ नदी में मिला



**राजनांदगांव।** दो माह पहले पत्नी को ससुराल छोड़ने गया युवक लापता हो गया था। जिसका शव कार सहित शिवनाथ नदी में डूबे हालत में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार व शव को बाहर निकाला। शव सड़-गल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी के पास शिवनाथ नदी में कार सहित एक युवक का शव डूबे हालत में देखा गया। जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना ग्रामीणों से मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार काफी मशक्कत बाद जेसीबी मशीन की सहायता से शिवनाथ नदी के पानी से बाहर निकाला गया।

### सूरजपुर के धनंजय ज्वेलर्स में की थी चोरी, कई वारदातों में रहे हैं शामिल

## जेवर दुकान में बादी गिरोह ने दिया था चोरी की घटना को अंजाम, 8 गिरफ्तार

**आरोपियों से चोरी का सामान खरीदने वाले समेत चार सहयोगी भी शामिल, 50 लाख का नकद व जेवरात बरामद**

शहर के दहेजवार चौक स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। चोरी की घटना को बादी गिरोह ने अंजाम दिया था जो सरगुजा, सूरजपुर क्षेत्र में कई चोरियां कर चुका है। पुलिस ने चोरी के मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह के 4 चोर बादी गिरोह के है जबकि एक जेवर दुकान संचालक समेत चार सहयोगी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से नगदी समेत 50 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। खास बात यह है कि इन्ही शातिर चोरों ने 22 अक्टूबर को सूरजपुर जिले में भी जेवर दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर

नगर के दहेजवार चौक स्थित धनंजय ज्वेलर्स में 30 और 31 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने दुकान में घुसकर नगदी व सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए थे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद नगर में हड़कंप मच गया था। घटना की शिकायत दुकान संचालक धनंजय सोनी कीने पुलिस से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी दीपक झा व एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने नेतृत्व में पुलिस बीएनएस की धारा 331(4), 305 तहत अपराध दर्ज कर अलग अलग टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मुखबिर को तैनात किया था। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत जंगल से सीतापुर के ग्राम नकना निवासी 18 वर्षीय शिव कुमार आ. लांजा राम, 19 वर्षीय सूरज सिंह आ. हीरू सिंह, 21 वर्षीय वेद सिंह आ. धर्मदेव सिंह व सीतापुर बिशुनपुर निवासी 19 वर्षीय सूर्या गिरी आ. मिलन गिरी के



साथ ही एक अन्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने पहले से रेकी की थी और फिर घटना दिवस की रात 2 बाइक में कुल 6 आरोपी बलरामपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकान की शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी दुकान से नगदी और सोने चांदी के जेवर लेकर बाइक से ही फरार हो गए थे और चोरी की रकम को आपस में बांट लिया।

### ये सामान किए गए बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से सोना 234 ग्राम, चांदी 12 किलोग्राम, नगद 3 लाख 50 हजार रुपए, चोरी किए गए आभूषण को बेच कर खरीदी गई एक नग मोटरसायकल, एक नग स्कूटी एवं 2 नग सेकेण्ड हैंड आईफोन घटना में प्रयुक्त 1 नग पल्सर मोटरसाइकिल एवं एक नग अपाचे मोटरसाइकिल कुल अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। इस घटना में एक अन्य आरोपी फरार चल रहा है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### पकड़े गए है आरोपी

पकड़े गए आरोपी बादी गिरोह के है और काफी शातिर है। उन्होंने पूर्व में भी चोरी की घटनाएं की है और हाल ही में सूरजपुर के जेवर दुकान में चोरी की थी। इस मामले में चोरी करने वाले आरोपियों और खरीदार समेत 8 लोगों को पकड़ा गया है जबकि एक की तलाश जारी है।

-विश्व दीपक त्रिपाठी, एएसपी

### जेवर दुकान संचालक ने गलाया सोना चांदी

पुलिस के अनुसार चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर को आरोपियों ने सीतापुर प्रतापगढ़ निवासी राजेश अग्रवाल, बादल एवं अजीत के सहयोग से अंबिकापुर निवासी रोशन सोनी संचालक स्वर्ण महल ज्वेलर्स के पास बेच दिया। बेचे गए जेवर से मिले नगदी रकम को भी आरोपियों ने आपस में बांट लिया था। इधर चोरी के जेवर को आरोपी स्वर्ण महल संचालक रोशन सोनी ने गलाकर किसी दूसरे जेवर व्यवसायी को बेच दिया जबकि कुछ जेवर को उसने अपने पास छिपाकर रखा था। पुलिस ने इस मामले में सीतापुर के बालमपुर निवासी 25 वर्षीय अजीत आ. शम्भूनाथ, ग्राम बनेया निवासी 40 वर्षीय राजेश अग्रवाल आ.रमा अवतार अग्रवाल, जशपुर जिले के सन्ना निवासी 22 वर्षीय बादल दास आ.प्रमोद दास जेवर दुकान संचालक अंबिकापुर गोधनपुर निवासी 24 वर्षीय रोशन सोनी आ. चुन्नू सोनी को गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म कर हत्या का मामला

## दुष्कर्म का आरोपी बरी फैसले को हाईकोर्ट ने बताया 'दुर्भाग्यपूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपी को 363, 364, 376(3) के साथ पाक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत गंभीर आरोपों से बरी करने को गलत बताया है। साथ ही मामले में शासन की ओर से अपील



नहीं करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मेडिकल और परिस्थितिजन्य सबूतों के बावजूद अपीलकर्ता को बरी कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी में यह भी कहा कि राज्य की अपील की अनुपस्थिति मेडिकल सबूतों की गंभीरता या बच्चे के खिलाफ किए गए अपराध की गंभीरता को कम नहीं करती है। रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री से इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है कि पीड़ति का अपहरण किया गया था। सबसे बर्बर तरीके से यौन उत्पीड़न किया गया था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। प्रकरण के मुताबिक जांजगीर-चांपा जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र निवासी नवीं कक्षा की छात्रा का घर से अपहरण 28 फरवरी 2022 को कर लिया गया था। तीन मार्च 2022 को उसकी लाश गांव के तालाब में मिली। पुलिस ने मामले में आरोपी जवाहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सक्ती न्यायालय ने आरोपी को धारा 302 और 201 के अंतर्गत अपराध के लिए दोषी ठहराया और आजीवन कारावास के साथ 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इसके खिलाफ हाईकोर्ट ने आरोपी की अपील खारिज करते हुए उसे नाबालिग से बरबर तरीके से यौन अपराध कर हत्या के मामले में पाक्सो एक्ट के तहत सजा नहीं सुनने पर उक्त टिप्पणी की है।

### पूर्व विधायक बृहस्पति से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

## लोकतांत्रिक तरीके से नहीं हो रहा जिला अध्यक्षों का चुनाव, यहां पर महाराज की चलती है: बृहस्पति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कांग्रेस से निष्कासित पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने कहा किह सरगुजा अभी भी राजनीतिक रूप से आजाद नहीं हो पाया है। यहां पर यहां के महाराजा की ही चलती है। वे जो चाहते हैं, वैसा ही कांग्रेस में होता है। उन्होंने आईएनएच-हरिभूमि न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात कार्यक्रम में चर्चा करते हुए ये आरोप लगाए।

खास खबर

उ न्हों ने बताया कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत लोकतांत्रित तरीके से जिला अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया तय की है। पर्यवेक्षक ने यहां आकर ब्लॉक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से राय ली। उन्होंने सभी के बयानों की रिकार्डिंग भी की। अब बात यह आ रही है कि जिन लोगों ने अपने बायोडाटा जमा किया, उनके पास जरिता मैडम के पीए और अन्य लोगों के फोन आ रहे हैं। 5-7 लाख रुपए दे दो, अध्यक्ष बनवा देंगे। सरगुजा के 4 जिलों में लोगों के पास फोन आ रहे हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी।



### आज भी हुजूर की चलती है

बृहस्पति सिंह ने कहा, जो हुजूर चाहेंगे, वही सरगुजा में होगा। हम कोई बात कहते हैं तो उसकी शिकायत हो जाती है। बड़े नेताओं को माफ कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 350 साल तक अंग्रेजों के निर्देशों पर महाराजा का आदेश चलता रहा। देश आजाद हुआ, उसके बाद उन्होंने विलय नहीं किया। 1948 में सरगुजा रियासत का विलय हुआ। यहां पर अब भी वही स्थिति है।

### इंदिरा गांधी से प्रभावित कांग्रेस में रहूंगा

कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद क्या करेंगे, इस सवाल पर बृहस्पति सिंह ने कहा, मैं इंदिरा गांधी से प्रभावित हूं। वे हमारे लिए देवी के समान हैं। आदिवासियों को उन्होंने अधिकार दिलाए। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्हें कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था, तब उन्होंने कांग्रेस ई बनाकर पार्टी को मजबूत किया। मुझे विश्वास है, पार्टी हमारी सुनेगी। मैं कांग्रेस में रहूंगा। उन्होंने कहा कि यहां का इतिहास रहा है, यहां पर कांग्रेस के खिलाफ मौजूदा कई कांग्रेस नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़े। इनमें टीएस सिंहदेव नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए दो पत्ती छाप से चुनाव लड़े और जीते, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह, बालकृष्ण पाठक जैसे नेता रहे।

### निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से बने जिला अध्यक्ष

जिला अध्यक्ष बनने को लेकर उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से जिला अध्यक्ष चुना जाए। पार्टी को इससे मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, यहां आज भी महाराज की चलती है। ऐसे में कांग्रेस फिर लोकतांत्रिक तरीके से आजाद नहीं हो पाएगी। पर्यवेक्षक जब यहां आए थे, मुझसे भी मिलकर गए हैं। मेरा मानना है कि न सिंहदेव की, न जरिता के पैसे वालों को और न ही मेरी पसंद का अध्यक्ष बने, जो भी बने, लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष बने।

## अखिलेश बोले- बिहार अब बदलाव के साथ चुनेगा एक नौजवान मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कहा, बिहार अब बदलाव के साथ-साथ एक नौजवान मुख्यमंत्री चुनने जा रहा है। वहां इंडिया गठबंधन की जीत तय है। बिहार विधानसभा चुनाव का एक चरण संपन्न हो चुका है। वहीं दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। दोनों गठबंधन अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। ऐसे हर कोई ये जानने की कोशिश में है कि आखिर बिहार में वास्तव में किस गठबंधन के पक्ष में हवा है और कौन अगला मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। ऐसे में रायपुर पहुंचे श्री यादव ओडिशा के नुआपाड़ा उपचुनाव में प्रचार के लिए रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से



चर्चा में कहा, बिहार अब बदलाव के साथ-साथ एक नौजवान मुख्यमंत्री चुनने जा रहा है और वहां इंडिया गठबंधन की जीत तय है। अखिलेश यादव नुआपाड़ा में चुनाव प्रचार के बाद नवा रायपुर के मे-फेयर में रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह दिल्ली रवाना होंगे।

### चुनाव आयोग को दी चेतावनी

दरअसल ओडिशा में पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी पार्टी का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करना है। हम ओडिशा में समाजवादी विचारधारा का बीज बोने जा रहे हैं। एसआईआर और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने कहा, भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग काम न करे। उन्होंने वीवीपैट पर्चियों की सुरक्षा और पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया, बिहार में हमने देखा कि पुलिस के जरिए लोगों को वोट डालने से रोका जा रहा था।

### घुसपैठिया नहीं भाजपा सरकार में 'घूस' है मुद्दा

घुसपैठ को लेकर भाजपा के बयानों पर उन्होंने तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी घुसपैठ से ज्यादा 'घूस' पर ध्यान देती है। पिछले 11 साल से उनकी सरकार है तो जितने घुसपैठिए आए हैं, उसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है।

### वोट चोरी पर भी साधा निशाना

वोट चोरी और फर्जी आधारकार्ड को लेकर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, बीजेपी बूथ पर नकली आधार का इस्तेमाल करती है। अब मेटल का ऐसा आधार बनना चाहिए, जिसे कोई नकली न बना सके।

### प्रसाद योजना में रतनपुर के विकास के लिए 200 करोड़ का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया

## रतनपुर में 100 बिस्तर अस्पताल और 1 करोड़ की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन: सीएम

**कल्चुरी कलार समाज के सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रतनपुर में आयोजित कल्चुरी कलार समाज के महासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु एवं बहादुर कलारीन दाई की पूजा-अर्चना कर विशाल सम्मेलन का शुभारंभ किया। श्री साय ने कहा कि धार्मिक नगरी रतनुपर के समग्र विकास के लिए केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत 200 करोड़ रुपए की कार्य-योजना स्वीकृति के लिए भेजी गई है। इसके जल्द स्वीकृत होने की संभावना है। उन्होंने ऐतिहासिक नगरी रतनपुर में 100 बिस्तर अस्पताल खोलने तथा कल्चुरी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया है। सम्मेलन की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक,



**मुख्यमंत्री ने मां महामाया का लिया आशीर्वाद**

-मुख्यमंत्री श्री साय ने महासम्मेलन में शामिल होने के पहले महामाया मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने महामाया की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी,योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, महापौर पूजा विधानी उपस्थित थीं।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कल्चुरी राजवंश ने रतनपुर सहित देश में लगभग 1200 वर्षों तक शासन किया है। उनके राज में प्रजा खुश एवं देश समृद्धशाली रहा है। मां महामाया की कृपा से छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से विकास हो रहे हैं। श्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ देश के बीचों-बीच स्थित है। खनिज, वन एवं जल संसाधनों से भरा पड़ा है। हम यहां के लोगों को साथ लेकर राज्य को प्रगति के मार्ग पर और आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को अभी बमुश्किल 22 माह हुए हैं। इतनी कम अवधि में भी हमने मोदी की गारण्टी के रूप में किए गए लगभग सभी बड़े वायदे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को नया एवं शक्तिशाली बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हम किसानों से किए गए वायदे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं। इस साल 15 नवम्बर से यह अभियान शुरू करने जा रहे हैं।

रायपुर
सोमवार, 10 नवंबर 2025
अगहन कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 112
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 28.6
न्यून. 15.5

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

विचार पेज
04 लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी

# बिजली बिल हॉफ योजना, ज्यादा बिल के हल्ला के बाद अब परीक्षण, फिर बनेगा प्रस्ताव

## सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर ऊर्जा विभाग करा रहा है परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा चार सौ यूनिट से कम करके सौ यूनिट करने के बाद प्रदेश में चौतरफा शिकायतें हो रही हैं कि बिल ज्यादा आ रहा है और उपभोक्ता परेशान हैं। इस मामले में दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संकेत दिए थे कि प्रदेश सरकार इस मामले में विचार कर रही है। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के माध्यम से परीक्षण कराने में लगा है कि उपभोक्ताओं को इससे कितना नुकसान हो रहा है। इसका दायरा बढ़ाये जाने पर क्या होगा, सरकार पर कितना भार आएगा, इसको लेकर परीक्षण किया जा रहा है। सबसे अहम यह देखा जाएगा कि किसी भी हाल में पीएम सूर्य घर मुक्त योजना प्रभावित न हो। प्रदेश सरकार यह चाहती है कि उपभोक्ता परेशान भी न हों और पीएम सूर्य घर योजना का काम भी चलता रहे। ऐसा की कोई रास्ता निकालने के लिए परीक्षण कराया जा रहा है। परीक्षण की रिपोर्ट मिलने के प्रदेश सरकार बिजली बिल हॉफ योजना के संशोधन पर फैसला करेगी। प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का प्रारंभ कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। इस योजना में प्रदेश भर के 45 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट बिजली की खपत पर आधा बिल लगता था। प्रदेश में भाजपा की सरकार ▶▶|शेष पेज 7 पर

**हरिभूमि फॉलोअप**

### प्रदेश में ज्यादा बिजली बिल का हल्ला

बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम होने के बाद प्रदेश भर में बिजली बिल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। चौतरफा यही खबरें और शिकायतें हैं कि बिजली बिल अब पहले से बहुत ज्यादा हो गया है। इस मामले में कांग्रेस ने लगातार आंदोलन भी किया है। सोशल मीडिया पर योजना का दायरा कम करने को लेकर लगातार पोस्ट हो रही है। उपभोक्ता अपनी परेशानी को सोशल मीडिया में शेयर करने के साथ प्रदेश सरकार से शिकायत भी कर रहे हैं।

**परीक्षण रिपोर्ट के साथ भेजा जाएगा प्रदेश सरकार को प्रस्ताव**



### परीक्षण के बाद भेजेंगे प्रस्ताव


बिजली बिल हॉफ योजना को लेकर परीक्षण किया जा रहा है कि इसमें क्या किया जा सकता है। यह भी देखा जाएगा कि पीएम सूर्य घर मुक्त योजना प्रभावित न हो। परीक्षण के बाद प्रस्ताव बनाकर प्रदेश सरकार को दिया जाएगा। इसके बाद सरकार इस मामले में फैसला करेगी।

-डॉ. रोहित यादव
ऊर्जा सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### अंबानी ने तिरुपति मंदिर में पूजा-अर्चना की



**तिरुपति।** रिलायंस समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी ने रविवार को तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारियों ने अंबानी का स्वागत किया और बाद में उन्हें दर्शन के लिए ले गए।

### एटीएम उखाड़कर ले गए चोर

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में बीती रात चोरों का एक समूह एटीएम को उखाड़कर ले गया। यह घटना जिले के नेहड़ाई गांव में एसबीआई के एटीएम पर हुई। एक वाहन से आए अज्ञात चोरों ने एटीएम को रस्सी से बांध कर उखाड़ लिया और अपने साथ ले गए। पुलिस ने बताया कि सुबह जब ग्रामीणों ने एटीएम वहां नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी।

**20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मैदान में 1320 उम्मीदवार**

**प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने झोंकी ताकत**

*बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को होगी। रविवार को प्रचार थम गया। मंगलवार को 20 जिलों के 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में 1320 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला बिहार के वोटर्स करेंगे। एनडीए और महागठबंधन ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बार चंपारण बेल्ट, मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र की सीटें पर मतदान होना है।*

# बिहार में थम गया प्रचार, कल मतदान दिग्गज नेताओं की होगी 'अग्नि परीक्षा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान ने देश को चौंका कर रख दिया। बिहार की जनता ने पहली बार रिकॉर्ड मतदान किया। अब बारी 20 जिलों के 122 सीटों की है, जहां 11 नवंबर को वोटिंग होनी है। एनडीए और महागठबंधन ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बार चंपारण बेल्ट, मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र की सीटें पर मतदान होना है। महागठबंधन ने सबसे ज्यादा इसी इलाकों की सीटों पर फोकस किया है, जहां 11 नवंबर को चुनाव होना है।

गौरतलब है कि दूसरे चरण में जमुई जैसी सीटें भी हैं, इन क्षेत्रों में चिराग पासवान की 'अग्निपरीक्षा' होनी है। सीमांचल के चार जिलों को मिला लिया जाए तो 24 विधानसभा सीटें होती हैं। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन और एआईएमआईएम ने लगभग पूरी बाजी मार ली थी।



### एनडीए में किस दल के कितने उम्मीदवार

एनडीए के घटक दलों से बीजेपी के 53 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। जेडीयू के 44, चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) के 15, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम के 4 और जीतन राम मांझी की पार्टी एमएएम के 6 उम्मीदवार दूसरे चरण में चुनावी मैदान में हैं।

### महागठबंधन के प्रत्याशी

दूसरी ओर, महागठबंधन में आरजेडी 72 सीटों पर, कांग्रेस 37 सीटों पर, मुकेश सनी की वीआईपी 10 सीटों और अन्य सहयोगी दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रचार की कमान आरजेडी नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संभाली।

### 1297 में से 415 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

दूसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 1297 उम्मीदवारों का विश्लेषण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच ने किया है। रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है कि इनमें से 415 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, 341 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 15 उम्मीदवारों पर हत्या तो 79 उम्मीदवारों पर हत्या का प्रयास और 52 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध का मामला दर्ज है।

### 122 सीटों पर 1320 उम्मीदवार

दूसरे चरण में राज्य के 20 जिलों की 122 विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को सुबह सात बजे से मतदान होगा। इस चरण में 1302 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 136 महिलाएं, 1165 पुरुष और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी शामिल हैं। कुल 3 करोड़ 70 लाख 13 हजार 556 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।


### दूसरे चरण में 45,399 मतदान केंद्र

दूसरे चरण में 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 40,073 ग्रामीण और 5326 शहरी बूथ हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से इस चरण का सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र भागलपुर 23.887 वर्ग किलोमीटर है, जबकि सबसे बड़ा चैनपुर 1814.15 वर्ग किलोमीटर है।

### संवेदनशील बूथों पर 3 बजे तक वोटिंग

दूसरे चरण में सबसे ज्यादा संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों और बूथ की पहचान की गई है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र की 7 बूथों पर मतदान दोपहर 3 बजे तक और 354 बूथों पर 4 बजे तक होगा। बोधगया की 200 बूथ पर 4 बजे तक और 106 बूथ पर शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

# कपिल के कैफे पर फायरिंग, तीन को कनाडा से निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा में मशहूर कमेडियन कपिल शर्मा के कैफे कैप्स कैफे पर फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को कनाडा सरकार ने डिपार्ट करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अभी इनकी शिनाख्त नहीं बताई गई है, लेकिन तीनों के तार पंजाब से जुड़े हैं। यह कार्रवाई द कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) की तरफ से की गई है। एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया में पंजाबी मूल के व्यवसाय मालिकों को निशाना बनाकर चल रहे जबरन वसूली नेटवर्क से जुड़े एक जांच के बाद तीन भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर दिया है।

**नेटवर्क में शामिल कई पंजाबी मूल के**

हालांकि अधिकारियों ने निर्वासित व्यक्तियों की पहचान, राष्ट्रीयता या गंतव्य का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया है। इस नेटवर्क में शामिल कई पीड़ित और अपराधी पंजाबी मूल के हैं। सीबीएसए ने आगे की जानकारी न देने के कारणों के रूप में परिचालन सुरक्षा संबंधी चिंताओं और आव्रजन का हवाला दिया।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग की टूटी कमर

कनाडा सरकार की कार्रवाई सीधे तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी मानी जा रही है, जो कनाडा में दक्षिण एशियाई मूल के कारोबारियों से वसूली और फायरिंग की घटनाओं में शामिल बताया गया है। कनाडा बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी ने पुष्टि की है कि अब तक 78 अन्य विदेशी नागरिकों की भी पहचान की गई है, जो ऐसे ही उगाही गिरोहों से जुड़े हो सकते हैं। ये सभी जांच के दायरे में हैं।

**खौफनाक वारदात**

# पिता की पिस्तौल से छात्र ने सहपाठी पर चलाई गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गुरुग्राम के सेक्टर 48 स्थित एक फ्लैट में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से अपने एक सहपाठी को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस के अनुसार, गोली छात्र की गर्दन में लगी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस संबंध में सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### दो महीने पहले दोस्त से झगड़ा

दोनों नाबालिग आरोपियों ने खुलासा किया कि तीनों एक ही स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं। आरोपी छात्र का दो महीने पहले पीड़ित से झगड़ा हुआ था और वह उससे रंजिश रखता था। आरोपी ने आठ नवंबर की रात को पीड़ित को फोन किया और रास्ते में खाने-पीने के बाद दोनों अपने एक और दोस्त को लेकर फ्लैट पर चले गए। यह भी पता चला कि आरोपी का पिता प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है।

# सीजेआई बोले-कानूनी सहायता केवल दान नहीं, नैतिक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधान न्यायाधीश

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि कानूनी सहायता महज परोपकार का कार्य नहीं है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है और कानूनी सहायता अभियान में लगे लोगों को प्रशासनिक कल्पना के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह और 'कानूनी सेवा दिवस' के मौके पर सीजेआई गवई ने नीति नियोजन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए क्रमशः नालसा और एसएलएसए में एक सलाहकार समिति के गठन का सुझाव दिया।

*हिरासत में लिए गए कई प्रदर्शनकारी*

# धुएं में 'जहर', इंडिया गेट पर हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी समेत एनसीआर में पराली जलाने की घटनाओं व वाहनों से निकलने वाले धुएं ने हवा में पीएम2.5 को घोल दिया है। ऐसे में लगातार चौथे दिन हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रही। ऐसे हालातों से तंग आकर रविवार को दिल्लीवासियों के सब्र का बांध टूट गया। दिल्ली के निवासियों ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया।



### बीते 24 घंटे में एक्यूआई में 9 अंकों की वृद्धि


दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, हवा में पराली से होने वाला प्रदूषण 5.38 रहा। इसके अलावा सोमवार को 1.958 फीसदी रहने की आशंका है। वहीं, वाहन से होने वाला प्रदूषण 14.52 फीसदी रहा।

**लगातार 26वें दिन खराब हवा रही**

सीपीसीबी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने रविवार को लगातार 26वें दिन खराब हवा में सांस ली। इस सीजन में 14 अक्तूबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई थी। इसके बाद से लगातार ही प्रदूषण का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है।

**केंद्र ने राज्यों को दी सलाह**

# अंगदान से बच सकती हैं लाखों जिंदगियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राज्यों को अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कर्मियों को प्रशिक्षण देने, अस्पतालों में विशेष टीम नियुक्त करने, ट्रॉमा सेंटर का उन्नयन करने और उन्हें अंग पुनर्प्राप्ति केंद्रों के रूप में पंजीकृत करने जैसे कुछ सुझाव दिए हैं। देश में अंगदान की दर प्रति 10 लाख जनसंख्या पर एक मृतक दाता से भी कम है।

### संभावित दाताओं की करें पहचान

कुमार ने पत्र में कहा, आपात स्थिति में पुलिस कर्मी, एम्बुलेंस चालक, आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन, पैरा-मेडिकल स्टाफ समेत अन्य कर्मी संभावित दाताओं की पहचान करने और समय पर सूचित करने तथा दान के लिए सहमति देने वालों से अंग प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिरोपण समन्वयकों तक सूचना प्रसारित करने के लिए तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए।



# ब्रह्मपुत्र के ऊपर राफेल, सुखोई, तेजस, मिराज ने दिखाया पराक्रम, गूंजा आसमान

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

गुवाहाटी में रविवार को भारतीय वायुसेना का ऐसा नज़ारा देखने को मिला, जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया। ब्रह्मपुत्र नदी के लाचित घाट पर भारतीय वायुसेना ने अपनी 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य एयर शो का आयोजन किया। इस दौरान राफेल, सुखोई, तेजस और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों ने एक साथ उड़ान भरकर आसमान को देशभक्ति के रंगों में रंग दिया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक है। इस मौके पर वायुसेना के आधुनिक एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों ने 25 अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी। वायुसेना ने कहा कि यह एयर शो न केवल वायुसेना की ताकत का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है।

### सात एयरपोर्ट से उड़े ये युद्धक विमान

फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर-एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण विमान शामिल हुए। इस खास मौके पर वायुसेना के आधुनिक एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों ने 25 अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी।



### हजारों लोगों सहित गणमान्यजन बने साक्षी

कार्यक्रम में असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह भी मौजूद रहे। दोनों तटों से हज़ारों दर्शक इस ऐतिहासिक नज़ारे के साक्षी बने जहां हर उड़ान ने भारतीय वायुसेना के शौर्य, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**पाकिस्तान-चीन व बांग्लादेश को दिखाया दमखम :** रणनीतिक रूप से यह शो बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि गुवाहाटी क्षेत्र चीन की सीमा और चिकन नेक कॉरिडोर के नजदीक है। गुवाहाटी की धरती से भारत ने चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश तीनों का साधने की कोशिश की। इस इलाके के ऊपर राफेल और तेजस जैसे फाइटर जेट्स की उड़ान भारत के पूर्वोत्तर में एयर पावर प्रेजेंस का मजबूत संदेश देती है।



### 13 से 20 तक होगी बड़ी एक्सरसाइज

वायुसेना ने कहा कि अब इसी कड़ी में 13 से 20 नवंबर 2025 पूर्वोत्तर में भारत एक बड़ा एक्सरसाइज करेगा। इसके साथ ही बॉर्डर पर देश के अलग अलग हिस्से में आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मिलकर संयुक्त ऑपरेशन का अभ्यास कर रही हैं। राफेल की गर्जना, तेजस की फुर्ती और सूर्यकिरण की उड़ान पूर्वोत्तर में अपना दमखम दिखाएगी।

### पूर्वोत्तर के लोगों का प्रतिनिधित्व बहुत बड़ा

एयर शो के मौके पर पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा- एयर शो के लिए हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र को इसलिए चुना क्योंकि यह भारतीय वायु सेना की ओर से पूर्वोत्तर के लोगों से जुड़ने का एक प्रयास है। पूर्वोत्तर के लिए गुवाहाटी प्रवेश द्वार है। अरुणाचल प्रदेश में कई एडवांस लैंडिंग ग्राउंड हैं। हमारे पास 8 एएलजी हैं, सभी चालू हैं।


## खबर संक्षेप

### बीएसएफ की श्वान बबीता को वीरता पुरस्कार



चंडीगढ़। पंजाब में तैनात सीमा सुरक्षा बल की श्वान बबीता को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में असाधारण साहस और विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि बबीता की तीक्ष्ण सूझबूझ और बुद्धिमत्ता के कारण जवानों ने तीन भारतीय तस्करों को गिरफ्तार कर एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 63 कारतूस और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए। बबीता की उपलब्धि बीएसएफ की बहादुरी, उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और निर्बाध समन्वय को दर्शाती है।

### जापान तट पर शक्तिशाली भूकंप, सुनामी का डर नहीं



**तोक्यो।** उत्तरी जापान में रविवार को शक्तिशाली भूकंप आया और इसके कई झटके महसूस किये गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी जेएमए के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.9 थी तथा केंद्र सतह से 16 किलोमीटर की गहराई पर था। एजेंसी ने बताया कि भूकंप जापान के समयानुसार शाम 5:03 बजे इवाते प्रांत के तट पर आया। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में स्थित दोनों परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को किसी तरह के नुकसान या किसी असामान्य घटना की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

### कैडेट की मौत के मामले में तीन और गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी सियांग जिले के निगलोक स्थित सैनिक स्कूल परिसर में 12-वर्षीय कैडेट द्वारा कथित रैगिंग के कारण आत्महत्या करने के सिलसिले में उसके तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन कर्मचारियों में सुबनसिरी हाउस जूनियर कैडेट विंग के हाउस मास्टर देवेंद्र सिंह, हाउस मास्टर कांगे डारिन और स्कूल के छात्रावास अधीक्षक अमर सिंह ठाकुर शामिल हैं। इससे पहले, पुलिस ने संस्थान के आठ छात्रों को गिरफ्तार किया था। मृतक ने वरिष्ठों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों ने झोंकी अपनी ताकत

# सोनिया, मनमोहन और लालू के समय आतंक पर होती थी ढीली कार्रवाई, मोदी ने ठोक दिया

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन सभी दलों के नेताओं ने मतदान वाली जगहों पर सभा कर अपनी बात मतदाताओं के समक्ष रखी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सासाराम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सरकारों के समय आतंकवादियों पर कार्रवाई ढीली रहती थी, जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। अमित शाह ने कहा, "जब सोनिया, मनमोहन और लालू के समय था, तो आतंकवादी घुस आते थे, हमारे देश में हमला करते थे और भाग निकलते थे, कोई सवाल नहीं करता था। नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक की गई और पुलवामा हमले के बाद हवाई कार्रवाई की गई। पाहलगाम में हमारे टूरिस्टों से उनके धर्म के बारे में पूछा गया और उन्हें मारा गया। 22 दिनों में हमने ऑपरेशन सिंदूर करके



पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया। सभा में अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाओं के उल्लंघन तथा स्थानीय युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों पर जोर देते हुए सरकार की नीतियों का बचाव किया और जनता से बीजेपी का समर्थन मांगते हुए कहा कि वह बिहार और देश की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाते रहेंगे। उन्होंने शस्त्राई स्वर में कहा, "यहां मां शाक्तिपीठ की पवित्र भूमि पर मैं कहता हूं, अगर आतंकवादी गोली चलाएंगे तो हम गोलाबारी से जवाब देंगे।

### शपथ ग्रहण समारोह में जरूर आऊंगा : मोदी



बिहार में अपनी अंतिम रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह 14 नवंबर की जीत के बाद एनडीए की शपथ ग्रहण के लिए एक बार फिर बिहार वापस आएंगे। आखिरी रैली में मोदी ने नारी शक्ति पर फोकस करते हुए कहा कि यह डबल इंजन की सरकार महिलाओं के अधिकारियों और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह संकेत है कि बिहार बदल रहा है और बिहार विकसित हो रहा है। अब लोग नहीं चाहते कि यहां जंगलराज की वापसी हो।

## देश को एकजुट कर रहा इंडिया गठबंधन: राहुल



**किशनगंज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सभा में कहा कि देश को बांटने का प्रयास कर रही भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा और देश को जोड़ने का संकल्प लिए हुए 'इंडिया' गठबंधन की विचारधारा के बीच इस समय सीधी लड़ाई है। उन्होंने कहा, "हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी जी के खून में नफरत है, लेकिन मेरे खून में देश को एकजुट करने का जज्बा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस समाज में डर व घृणा का माहौल बनाकर राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "वे चाहते हैं कि लोग एक-दूसरे से डरें, नफरत करें, ताकि वे सत्ता में बने रहें। सभा में भारी भीड़ उमड़ी और गांधी के भाषण के दौरान 'इंडिया जीतेगा' और 'नफरत छोड़ो, मोहब्बत से जोड़ो' के नारे लगते रहे।

### तेज प्रताप बोले - अब तो हर कोई दुश्मन जैसा



राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने केंद्र सरकार द्वारा वाई प्लस सिक्योरिटी दिए जाने पर अब अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेज प्रताप ने कहा, 'मुझे खतरा है, मेरे दुश्मन मुझे मरवा सकते हैं, अब तो हर कोई दुश्मन जैसा लग रहा है। हालांकि उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि उनके दुश्मन कौन हैं या उन्हें किससे खतरा है। तेज प्रताप ने कहा कि उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है, लेकिन उन्हें अब भी अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है।

# पवार के बेटे की कंपनी पर एक और सरकारी जमीन हड़पने का मामला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी अमेडिया होल्डिंग्स का एक और जमीन घोटाला सामने आया है। नया मामला बोपोडी इलाके का है। यहां कृषि विभाग की जमीन होने के बावजूद, तहसीलदार के साथ मिलकर जमीन हड़पने और फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप लगे हैं। इस मामले में अमेडिया कंपनी के डायरेक्टर दिग्विजय अमरसिंह पाटिल समेत 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इससे पहले, 6 नवंबर को पार्थ पवार की कंपनी पर पुणे के मुंढवा में करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप लगा था। मामले में एक अधिकारी को सस्पेंड भी कर दिया गया है। सरकार ने जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी बनाई है।

### पहले पुणे में प्रॉपर्टी की डील सरकार ने कैंसिल की थी



### नायब तहसीलदार ने शिकायत दर्ज कराई

इस संबंध में नायब तहसीलदार प्रविणा शशिकांत बोर्डे ने खडक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना छत्रपति शिवाजी रोड पर स्थित मामलेदार कचहरी में 12 फरवरी 2024 से 1 जुलाई 2025 के बीच हुई थी। उन्होंने सरकार की ओर से प्राधिकृत अधिकारी के रूप में यह शिकायत दर्ज कराई है।

**राहुल बोले- एक तो लूट, और उस पर कानूनी मुहर में भी छूट :** मामले में राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में दलितों के लिए आरक्षित 1800 करोड़ की सरकारी जमीन मंत्री के बेटे की कंपनी को सिर्फ 300 करोड़ रुपए में बेच दी गई। ऊपर से स्टाम्प ड्यूटी भी हटा दी गई। मतलब एक तो लूट, और उस पर कानूनी मुहर में भी छूट।

### पुणे के मुंढवा में 300 करोड़ की जमीन डील रद्द

इस बीच, पुणे के मुंढवा में 300 करोड़ की जमीन डील रद्द कर दी गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को CM फडणवीस से मुलाकात के बाद कहा- पुणे की जिस विवादित जमीन को मेरे बेटे पार्थ पवार से जुड़ा बताया जा रहा है, वह डील रद्द कर दी है। हालांकि, इसको रद्द करने के लिए दोनों पक्षों को 21 करोड़ रुपए यानी कुल 42 करोड़ रुपए भरने होंगे। पुणे के रजिस्ट्रेशन इंस्पेक्टर जनरल ने 6 नवंबर को मुंबई के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को अंतरिम रिपोर्ट सौंपी।

नेहरू और इंदिरा गांधी से तुलना कर फंसे

# आडवाणी की तारीफ करने पर शशि थरूर से पार्टी नाराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर को हाल ही में लालकृष्ण आडवाणी को उनके 98वें जन्मदिन पर बधाई देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शशि थरूर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के राजनीतिक करियर का बचाव करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी से उनकी तुलना की है। दरअसल, आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देने पर थरूर की विचारधारा पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने तुरंत शशि थरूर के बयान से खुद को अलग कर लिया।

**हेगड़े ने की थरूर की पोस्ट पर टिप्पणी :** थरूर की इस पोस्ट की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता वकील संजय हेगड़े ने एक पर लिखा, 'क्षमा करें श्रीमान थरूर, इस देश में 'घृणा के बीज' (खुशवंत सिंह के शब्दों में) फैलाना जनसेवा नहीं है।'

**थरूर ने हेगड़े को दिया करारा जवाब :** हेगड़े की टिप्पणी पर थरूर ने लिखा, 'उनकी (आडवाणी) लंबी सेवा को एक घटना तक सीमित कर देना, चाहे वह कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अनुचित है। जवाहरलाल नेहरू के संपूर्ण करियर का आकलन चीन की विफलता से और इंदिरा गांधी के करियर का आकलन सिर्फ आपातकाल से नहीं किया जा सकता है। अगर, उनके लिए हम ऐसा नहीं करते, तो मेरा मानना है कि हमें आडवाणी के प्रति भी यही शिष्टाचार दिखाना चाहिए।'

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, थरूर ने शनिवार को आडवाणी के 98वें जन्मदिन को लेकर एक्स पर अपनी उनके साथ की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा था, 'सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी (आडवाणी) की अटूट प्रतिबद्धता है। उनकी विनम्रता और शालीनता के साथ-साथ आधुनिक भारत की दिशा तय करने में उनकी भूमिका अमिट है। थरूर की इस पोस्ट के बाद से आलोचक लगातार थरूर की विचारधारा और आडवाणी के जीवन पर सवाल उठा रहे हैं।

## पं. धीरेन्द्र शास्त्री की पदयात्रा...



बल्लभगढ़। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा दिल्ली के वृंदावन तक निकाली जा रही सनातन हिंदु एकता पदयात्रा में उत्साही लोग तरह-तरह के मुखौटे लगाकर शामिल हो रहे हैं।

## नेपाल में मिले लापता भारतीय पिता-पुत्री के शव

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में पर्यटक के रूप में आए और पिछले महीने से लापता एक भारतीय व्यक्ति और उसकी बेटी के शव एक मठ के पास पहाड़ी इलाके से बर्फ में दबे हुए बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि एपीएफ ने मनांग जिले के दिसयांग स्थित मालेरिपा मठ के पास से 52 वर्षीय जिग्नेस कुमार लल्लूभाई पटेल और उनकी 17 वर्षीय बेटी 20 अक्टूबर को दिसयांग स्थित ग्यालसेन होटल से मालेरिपा मठ जाने के लिए निकले थे और इसके बाद से वे लापता थे। पुलिस का मानना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि पर्यटक मठ में घूमने आए थे और पहाड़ी पर दुर्घटना का शिकार हो गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनियों और जन-हित के आयोजन ही होंगे

# दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारकों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी के ऐतिहासिक स्मारकों को आम लोगों की संस्कृति और कला से जोड़ने के लिए नई पहल शुरू करने जा रही है। प्रस्तावित नीति के तहत दिल्ली के कई प्रमुख धरोहर स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कला प्रदर्शनियों और जन-हित के आयोजनों की अनुमति देने की तैयारी है। सरकार का कहना है कि इस कदम से जहां लोगों को दिल्ली की विरासत से जुड़ने का नया अवसर मिलेगा वहीं इन स्मारकों के संरक्षण और रखरखाव में भी मदद मिलेगी। सरकार की इस नीति का उद्देश्य है कि राजधानी की धरोहरों को केवल पर्यटन या ऐतिहासिक स्थलों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाए।

### सरकार बना रही नई पॉलिसी



**इन कार्यक्रमों के लिए ही मिलेंगी इमारतें :** सरकार ने साफ किया है कि इन स्मारकों पर सिर्फ सांस्कृतिक, कलात्मक और जन-हित से जुड़े कार्यक्रम ही आयोजित होंगे. शादी, निजी पार्टियों या व्यावसायिक मनोरंजन जैसे कार्यक्रमों की इजाजत नहीं दी जाएगी, ताकि स्मारकों की ऐतिहासिक गरिमा और संरचना प्रभावित न हो।
जीएसटी में छूट पर भी विचार

### टूरिज्म को मिलेगी नई रफ्तार

विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति लागू होने पर दिल्ली के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा। युवाओं में सांस्कृतिक रुचि बढ़ेगी और दिल्ली एक 'संस्कृति राजधानी' के रूप में और मजबूत पहचान स्थापित कर सकेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होगा। हर आयोजन से पहले और बाद में विशेषज्ञों की टीम स्थल का निरीक्षण करेगी। किसी भी प्रकार की संरचनात्मक या सतही क्षति से बचाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे।

### अर्जित आय का उपयोग होगा मेंटनेंस के लिए

सरकार का कहना है कि इस नई पहल से दिल्ली की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। इसके साथ ही, इन सांस्कृतिक आयोजनों से होने वाली आय का उपयोग स्मारकों के संरक्षण, मरम्मत और रखरखाव में किया जाएगा, जिससे धरोहरों को दीर्घकालिक सुरक्षा मिलेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सरकार कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर रही है।

### किन स्मारकों पर हो सकते हैं आयोजन?

इस प्रस्तावित नीति के दायरे में दिल्ली के कई प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक स्मारक शामिल हो सकते हैं, जिनमें लाल किला, हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार, पुराना किला, लोटस टेम्पल (बहाई उपासना मंदिर), जंतर मंतर, राजघाट, अक्षरधाम मंदिर परिसर, इन स्थलों पर संगीत, नृत्य, नाटक, कला-प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

# ड्रग माफिया के घर मिले करोड़ों रुपए, 22 घंटे चली गिनती

एजेंसी ▶▶| प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में पुलिस ने एक ड्रग माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। राजेश मिश्रा नामक ये माफिया फिलहाल जेल में बंद है और सलाखों के पीछे से ही नशे का कारोबार चला रहा था। पुलिस ने मिश्रा के घर से 2.01 करोड़ रुपये नगद, 6.075 किलोग्राम गांजा और 577 ग्राम स्मैक बरामद की है। मिश्रा ने बोरियों में भरकर नोट रख रखे थे, जिनकी गिनती में पुलिस को 22 घंटे लग गए।



### पत्नी और बेटे समेत 5 गिरफ्तार

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतापगढ़ के मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुंदीपुर गांव में रहने वाले राजेश के घर नारकोटिक्स विभाग और प्रतापगढ़ पुलिस ने शनिवार को छापा मारा था। इस दौरान पुलिस को नोटों से भरी बोरियां मिलीं, जिनकी गिनती के लिए मशीनें बुलवाई गईं। 22 घंटे बाद कुल 2 करोड़ 1 लाख 55 हजार 345 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने राजेश की पत्नी रीना, बेटा विनायक, बेटी कोमल, पड़ोसी यश और अजीत को गिरफ्तार किया है।




# घर के पास ही कुएं में मिली मासूम भाई-बहन की लाश, हत्या का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान

## सुबह से गायब थे दोनों बच्चे, छुईखदान थाना में दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी रिपोर्ट

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिले के झूरानदी गांव में एक ही परिवार के दो नन्हें मासूमों के शव कूएं में मृत पाए गए। दोनों बच्चों के नहीं मिलने के बाद उनके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई थी, परन्तु कुछ घंटे के भीतर ही उनके शव मिल गए। इधर मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने इस मामले में हत्या के एंगल से भी जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बताया गया कि संदिग्ध लोगों से पूछताछ का दौर शुरु हो गया है। जल्द ही इसमें बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

### संदेहास्पद मिला शव

बच्चों की तलाश में संदेह के आधार पर झूरानदी के कुंआ में बच्चों को खोजा गया। बताया गया कि इसके लिए पहले कुंआ के पानी को बाहर निकाला गया। तत्पश्चात गोताखोर कुंआ में उतरे। कुंआ में दो मासूम का शव मिलने से ग्रामीणों के बीच सनसनी एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई थी। पुलिस के अनुसार मासूमों का नाम करण वर्मा 4 वर्ष एवं राधिका वर्मा डेढ वर्ष पिता गजानंद वर्मा है।





### पुलिस को परिजनों ने दी सूचना

पुलिस सूत्रों के मुताबिक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झूरानदी में वर्मा परिवार के बच्चे घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इस दौरान अचानक दो बच्चे लापता हो गए। बच्चों के परिजनों को जब बच्चे नहीं दिखे तो वे आसपास पतासाजी किए, जब वे नहीं मिले, तब इसकी सूचना पुलिस को दी। दो मासूम बच्चों के लापता होने की सूचना पर पुलिस तत्काल गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल एवं लोगों से पूछताछ शुरू की।

### सदमे में परिवार, जांच में जुटी पुलिस, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

गांव के कुंआ में एक साथ एक ही परिवार के दो बच्चों का शव मिलने के मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से इस पूरे मामले की जांच पड़ताल एवं लोगों से पूछताछ में जुट गई है। पुलिस को आशंका है कि बच्चों की हत्या करने के नीयत से उन्हें कुंआ में धकेला गया है। फिलहाल जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। इधर इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वहीं वर्मा परिवार सदमे में है।

# हीरे जैसे 22 नग खनिज जब्त, दो संदिग्ध तस्करों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

जिला पुलिस ने नक्सल व सरहदी क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 नग बहुमूल्य हीरा जैसे खनिज पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना देवभोग पुलिस द्वारा की गई, जिसने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम देवभोग के शरदापुर आईटीआई कॉलेज के सामने दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में चमकीले पत्थर लेकर ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई

खीर सिंह मांझी पिता स्व. लालू मांझी, उम्र 30 वर्ष,



निवासी ग्राम झूलेनबर, थाना चांदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा)। हरीशंकर नेताम पिता स्व. देवीसिंह नेताम, उम्र 27 वर्ष, निवासी पायलीखण्ड जुगाड, जिला गरियाबंद। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 22 नग बहुमूल्य हीरा जैसे चमकीले खनिज पदार्थ (कीमत लगभग 2,30,000, 2 मोबाइल फोन और एक मोटर साइकिल कुल कीमत 35,000 जप्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख आंकी गई है।

# गोमे मुठभेड़ में नक्सली सिविलयन की आड़ में भागे, पुलिस ने जनहित में फायरिंग रोकी



कार्रवाई : जिला पुलिस को तलाश है 30 नक्सलियों की, दो बड़े लीडर के साथ घूम रहे

कांकेर जिला राज्योत्सव के बाद नक्सली फागू व रूपी के खिलाफ आपरेशन की तैयारी में पुलिस

कांकेर के बिनागुंडा इलाके में सक्रिय तीस नक्सलियों की सरगर्मी से तलाश

**कांकेर।** राज्योत्सव समारोह के समापन के बाद जिले में नक्सल उन्मूलन के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने अपने अभियान को गति देने की घोषणा कर दी थी। इसी कड़ी में कांकेर जिले के संवेदनशील गोमे क्षेत्र के घने जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच आमने-सामने मुठभेड़ हुई। नक्सली टुकड़ी की गतिविधि की पुख्ता सूचना मिलते ही जिला पुलिस बल, डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया था। हालांकि पुलिस की सतर्कता और मानवता के कारण इस मुठभेड़ में कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। पुलिस टीम को जैसे ही फायरिंग स्थल के समीप सिविलियन नजर आए, जवानों ने तत्काल फायर रोक दिया। इसी स्थिति का लाभ उठाकर नक्सलियों का दल घने जंगलों का फायदा लेते हुए फरार होने में सफल रहा। राज्योत्सव कार्यक्रम के पहले ही उच्चस्तरीय बैठक में यह रणनीति तय की गई थी कि उत्सव के शांतिपूर्ण आयोजन के बाद जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाया जाएगा। इसी योजना के तहत सुरक्षा एजेंसियां लगातार जंगलों और पहाड़ी इलाकों में मूवमेंट बढ़ा रही हैं। शुक्रवार देर शाम खुफिया तंत्र को सूचना मिली थी कि गोमे के जंगल में 10-12 नक्सलियों की एक टुकड़ी सक्रिय है और वह किसी बड़ी वारदात की तैयारी में है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने देर रात ही एक रणनीतिक बैठक कर सर्च ऑपरेशन की योजना तैयार करते हुए टीम को रवाना कर दिया। सुरक्षा बलों की टीम जैसे-जैसे गोमे के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही थी, उन्हें कई स्थानों पर हाल ही में जले लकड़ी के निशान, ताजा पैरों के चिन्ह और रास्तों पर गिरे सूखे पत्तों की दबने की ध्वनि सुनाई दी। यह संकेत थे कि क्षेत्र में हाल ही में नक्सलियों की आवाजाही हुई है। टीम को जंगल के मध्य भाग में पहुंचते ही दूर से हथियारबंद व्यक्तियों की गतिविधि दिखाई दी।

# कथित चंगाई सभा में हुआ हंगामा धर्मांतरण के आरोप पर मचा बवाल




**धमतरी।** शहर की एक कॉलोनी में रविवार की सुबह आयोजित कथित चंगाई सभा को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक मकान में बिना अनुमति के धार्मिक सभा आयोजित की जा रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभा को अवैध बताते हुए नारेबाजी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार यह सभा पिछले कुछ हफ्तों से हर रविवार को आयोजित की जा रही है, जिसमें आसपास के इलाकों से लोग शामिल हो रहे हैं। रविवार की सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसकी सूचना हिंदू संगठन को दी। संगठन के सदस्यों का आरोप है कि इस सभा की आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां की जा रही हैं और हिंदू समाज के लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मंच के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सभा के दौरान मकान के दरवाजे बंद कर जोर-जोर से प्रार्थना की जाती है, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी होती है। उनका कहना था कि देर रात तक चलने वाली इन बैठकों से इलाके में शांति भंग होती है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन इस तरह की अवैध धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाएं और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत करवाया। फिलहाल चंगाई सभा को रोक दिया गया है और आयोजन करने वालों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि बिना अनुमति के एक मकान में धार्मिक सभा चल रही है।



चिंतन

# पाक को समझाने की सही रणनीति अपना रहा भारत

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत ने पाक को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। भारतीय सैन्य बल ने ऐसा कौशल दिखाया कि चंद मिनटों में ही पाक स्थित आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने कश्मीर में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। भारत पर एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए, लेकिन हमारे सुरक्षा कवच के सामने उसके सारे प्रयास बौने सबित हुए। इसके बाद शुरू हुई भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। पाक हुकूमरान संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने फरियाद लगाने पहुंच गए। भारत संघर्ष विराम पर सहमत तो हुआ किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी वारदात को अंजाम दिया तो भारत इसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक पाक नहीं सुधरता सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान है कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। वो रह रहकर ऐसे हरकतें करता रहता कि किसी भी तरह से भारत की शांति को प्रभावित किया जा सके। 1947 में पाकिस्तान गठन के बाद से उसके हुकूमरानों की हर कोशिश रही है कि किसी भी तरह से भारत को परेशान रखा जाए। यही कारण रहा कि आजादी के चंद दिनों बाद ही उसने कश्मीर पर धावा बोल दिया। ऐसा ही प्रयास उसने 1971 में भी किया, लेकिन उसकी इस नापाक हरकत का परिणाम यह निकला कि पाक के दो टुकड़े हो गए। उसके 90000 सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके बावजूद पाकिस्तान नहीं सुधरा। वो कहावत है कि कुत्ते की दुम चाहे 20 साल तक भी नली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। ऐसा ही हाल पाक का भी है। उसके बाद उसने कारगिल पर उस समय कब्जे का प्रयास किया, जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गए हुए थे। उसकी इस हरकत का भारतीय सैनिकों ने ऐसा जवाब दिया कि पाक ने शहीद हुए अपने सैनिकों को ही अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी रह रहकर पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे भारत की शांति को भंग करने का प्रयास करता रहा। अब 2014 के बाद से हालात बदल चुके हैं। अब उसकी इन हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। अब आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने भी यही कहा है कि दिल्ली को उसी भाषा में बात करनी चाहिए जो वे समझते हैं। हमें उनकी बार-बार की कोशिशों के लिए तैयार रहना होगा। हमें उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, उन्हें हमेशा हराना होगा, हर बार उन्हें ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा कि उन्हें पछतावा हो। ऐसे लगातार जवाब आखिरकार पाकिस्तान को अपना रवैया बदलने पर मजबूर कर देंगे। जब यह चलता रहेगा तो एक दिन पाकिस्तान समझ जाएगा। हम चाहते हैं कि वे यह समझें और फिर शांतिपूर्ण पड़ोसी बन जाएं। हमारी तरक्की के साथ हम उन्हें भी तरक्की करवाएंगे। आरएसएस प्रमुख ने बिलकुल सही कहा है। भारत भी अब इसी रणनीति पर चल रहा है।



चुनाव
प्रमोद भार्गव

# लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिस बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया, वह पहली बार देखने में आया है। 64.66 प्रतिशत हुए इस मतदान में लोगों की सजगता तो दिखी ही, जंगलराज के लिए बदनाम रहे बिहार में निर्भीक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग की भी अहम भूमिका रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, यह तो परिणाम के बाद ही तय होगा, लेकिन उन्होंने पूरे बिहार में स्वच्छ व निडर मतदान के लिए जो अभियान चलाया, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रवासी मतदाताओं के मुद्दे को न केवल प्रशांत ने उठाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के उपाय भी बताए। इस कारण प्रवासी मतदाताओं ने देशभर से बिहार आकर चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसीलिए यह मतदान राज्य में हुए अब तक के चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। शेष सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। अब संभावना है कि वोट का प्रतिशत 65 से भी ऊपर जा सकता है ?

अंदाजा लगाया जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए लोगों का निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत है। कांग्रेस और राजद इसे बदलाव के रूप में देख रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजग गठबंधन का दावा है कि मत प्रतिशत बढ़ने से राजग की सीटों में इजाफा होगा। पारंपरिक नजरिये से मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचालित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

> मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिषत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी माकपा सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

बावजूद मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालातंर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा ? लेकिन



2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना सम्मान निधि योजना को अमल में लाकर महिलाओं को रिझाकर अपनी जीत पक्की कर ली थी। इसी तर्ज पर बिहार में भी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक मुश्त 10 हजार रुपये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देकर भाजपा-जदयू की जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। अत एव यह कहना उचित नहीं लगता कि मतदान का बढ़ा प्रतिशत सत्ताविरोधी रूझान है।

इस बढ़े प्रतिशत का कारण मतदान के लिए बनाई गईं वे अनुकूल स्थितियां भी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। चुनाव से पहले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई हुई। इसके चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर शिकंजा कसा और बड़ी संख्या में मतदाता बाहर हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार का प्रमुख छठ पर्व पड़ा, जिसके कारण बिहार के जो लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, वे त्योहार के बहाने बिहार पहुंचे और मतदान भी किया। दूसरे चरण के मतदान के लिए भी प्रवासी रुके हुए हैं। इंडिया गठबंधन ने भी महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा करके जो बड़ा दांव चला है, वह भी वोट-प्रतिशत बढ़ने का एक कारण रहा है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया ने सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित किया है। इस कारण एक समय जो वोट प्रशांत किशोर की सुराज पार्टी की तरफ झुकता दिखाई दे रहा था, वह राजग के विरुद्ध ध्रुवीकृत हुआ और उसने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की। राजद अपनी जीत का आधार यादव और मुस्लिम वोटों के बने समीकरण को मानकर चल रहा है।

इधर, बड़े मतदान में रेलवे ने दावा किया है कि 13 हजार से अधिक रेलें चलाकर 3 करोड़ से भी ज्यादा मतदाताओं को बिहार की धरती पर पहुंचाकर उसने मतदान में बड़ी भागीदारी कराई है। बिहार आने-जाने वाले लोगों को बीस प्रतिशत किराए में छूट भी दी गई है। दूसरी तरफ बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में भी बीस से तीस प्रतिशत तक की छूट के साथ दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के लिए विशेष बसें चलाई गई हैं। साफ है, डबल इंजन की सरकार का यह फार्मूला क्या परिणाम देता है, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम इस प्रक्रिया ने फिलहाल कर दिया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। बिहार के मतदाता के समक्ष चुनावी प्रलोभनों की कसौटी जरूर है, लेकिन मतदाता अपने दायित्व के प्रति भी सजग हुआ है। इस कारण भी मत-प्रतिशत बढ़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व विज्ञान दिवस
प्रो. आरके जैन "अरिजीत"



# जहां सवाल होते हैं, वहीं जन्म लेता है विज्ञान


एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है - "ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं?" यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है और आज हम मंगल पर मानव बस्तियां बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है- यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है। यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था - "शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस।" इस नाम में ही एक संदेश छिपा है : विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीड़ित लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है- विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज- हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्ज्वलता की ओर ले जाता है।



भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हंसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है - राजस्थान की एक लड़की जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लड़का जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं। लेकिन रास्ते में कांटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊंचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले - ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब मांगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए : स्कूलों में प्रयोगशालाएं, गांवों में इंटरनेट और सबसे ज्यादा- ऐसा माहौल जहां सवाल पूछने पर डांट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए : दस साल बाद का भारत। हर गांव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल। कैंसर का इलाज सस्ता और सुलभ हो, हवा साफ हो, समुद्र का पानी पीने लायक हो। अंतरिक्ष में हमारा अपना भारतीय स्टेशन हो, जहां तिरंगा गर्व से लहराता हो। यह सपना कोई कविता नहीं, यह विज्ञान का वादा है। बस जरूरत है- नीति की, निवेश की, और सबसे बड़ी बात : विश्वास की। विश्व विज्ञान दिवस कोई केवल त्योहार नहीं है, यह एक पुकार है। पुकार है उस बच्चे की, जो पहली बार दूरबीन से चांद देखता है और उसकी आंखें विस्मय से चौड़ी हो जाती हैं। पुकार है उस मां की, जो वैक्सीन लगवाकर अपने बच्चे की सुरक्षा महसूस करती है। पुकार है उस किसान की, जो मौसम की सटीक जानकारी से अपनी फसल बचा लेता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा सबसे बड़ा दुश्मन अज्ञान है और सबसे बड़ा साथी विज्ञान। एक किताब उठाइए, एक सवाल पूछिए, एक प्रयोग कीजिए। क्योंकि जिस दिन हम सवाल पूछना बंद कर देंगे, उसी दिन हम इंसान होना भी बंद कर देंगे। विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह एक यात्रा है - और यह यात्रा अभी शुरू ही हुई है। चलिए, साथ चलें, सवालों के साथ, खोज के साथ, और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।


## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

पहली बार कैंसर दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

*- सतीश जायसवाल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सराहनीय पहल



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 80,000 से अधिक निर्णयों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल वास्तव में सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस उल्लेखनीय प्रयास को उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों द्वारा भी आगे बढ़ाया जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गुमराह कर रहे



कांग्रेस 'वोट चोरी' का भ्रम फैलाकर बिहार की जनता को गुमराह कर रही है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं। सच यह है कि कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं बचा, इसलिए झूठ फैलाना ही राजनीति का नया तरीका बन गया है।

**- राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### अचानक ट्रेन क्यों



रेल मंत्री को जवाब देना चाहिए कि मतदान से ठीक पहले 3 नवंबर 2025 को हरियाणा से बिहार के लिए विशेष ट्रेनें क्यों चलाई गईं। अचानक इसकी क्या जरूरत हो गई थी। जबकि बिहार को त्यौहार तो छट पूजा तो इससे पहले ही पहले ही पूर्ण हो चुका था, फिर अचानक ट्रेन क्यों।

**- कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता**

### मां की डांट



दिवाली गिफ्ट और मां की डांट। मां ने टीशर्ट्स दी, मैंने कपड़े और कुछ कैश दिया जिसे मां ने दिखाने से साफ़ मना कर दिया। नज़र न लग जाए। वैसे निक्कर वाले भाई साब फुल पैंट पहनने लगे है।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बाल मजदूर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए रविवार को यह जानकारी दी। सिंध के श्रम महानिदेशक सैयद मुहम्मद मुर्तजा अली शाह ने बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनों को अद्यतन करने और लागू करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद बाल श्रम देश में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जुलाई-अगस्त में यूनिसेफ और सांख्यिकी ब्यूरो की तकनीकी सहायता से उनके विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि प्रांत में 16 लाख से अधिक (5-17 वर्ष की आयु के 10.3 प्रतिशत) बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। शाह ने कहा, 'अन्य प्रांत भी अब बाल श्रम पर नए सर्वेक्षण कर रहे हैं लेकिन सिंध में हमने पाया कि लगभग आठ लाख बच्चे (10-17 वर्ष की आयु के 50.4 प्रतिशत) खतरनाक और शोषणकारी परिस्थितियों में काम कर रहे हैं।' सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि केवल 40.6 प्रतिशत कामकाजी बच्चे ही स्कूल जाते हैं, जबकि गैर-कामकाजी बच्चों में यह प्रतिशत 70.5 है। कंबर शाहदादकोट जिले में सबसे ज्यादा 30.8 प्रतिशत बाल श्रम है, उसके बाद थारपारकर में 29 प्रतिशत, टांडो मुहम्मद खान में 20.3 प्रतिशत और शिकारपुर में 20.2 प्रतिशत है।



## ऑफ बीट

### क्या उपवास आपकी मानसिक सेहत पर असर डालता है?

उपवास का चलन सिर्फ आज नहीं है, बल्कि सैकड़ों हजारों सदियों से विकसित परंपरा है, जो मनुष्यों को अभाव से निपटने में मदद करता है। जब हम नियमित रूप से खाते रहते हैं तो हमारा मस्तिष्क अधिकतर ग्लूकोज पर चलता है, जो शरीर में ग्लाइकोजन के रूप में जमा होता है। लेकिन लगभग 12 घंटे बिना भोजन के रहने के बाद ये ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाते हैं। उस समय शरीर एक चयापचय प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिसमें यह वसा को कीटोन बॉडीज (उदाहरण के लिए, एसीटोएसीटेट और बीटा-हाइड्रॉक्सीब्यूटिरेट) में तोड़ना शुरू कर देता है, जो एक वैकल्पिक ईंधन स्रोत प्रदान करते हैं। इस तरह का 'मेटाबॉलिज्म' कभी हमारे पूर्वजों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण था, जो अब कई स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है। यह इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार करता है जिससे शरीर रक्त शर्करा को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर पाता है और टाइप दो मधुमेह जैसी स्थितियों का जोखिम कम हो जाता है। इन शारीरिक लाभों ने उपवास को लेकर लोगों में आकर्षण बढ़ाया है। लेकिन कई लोग इसे अपनाने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका रहती है कि कहीं भोजन की निरंतर आपूर्ति नहीं होने से उनका मानसिक प्रदर्शन न गिर जाए।



## टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'



# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

# वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर, जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं,



'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा। वह पहले एसीपी थी, अब डीआईजी है, ट्रांसफर हो चुका है, तो काफी चीजें बदल चुकी हैं, इसलिए इसे करते वक्त कुछ भी बोरिंग या प्रिडिक्टेबल नहीं लगता है।'

***केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन : लॉस एंजिल्स।*** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।

## फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं।



## 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी।





# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

pfrda | UPS Unified Pension Scheme | nps #Zaruri Hai

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए
आज का सही निर्णय
जीवन भर का आश्वासन
यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) चुनें




यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस):
केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए एक गारंटीड पेंशन योजना।
59 वर्ष की आयु से पहले किसी भी समय यूपीएस से एनपीएस में एक बार वापसी की सुविधा उपलब्ध है।

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सुनिश्चित मासिक पेंशन योजना प्रदान करती है
सुनिश्चित भुगतान 50% पिछले 12 महीनों के औसत मूल वेतन का | न्यूनतम गारंटीड भुगतान ₹10,000 | महंगाई राहत
एकमुश्त भुगतान | निकासी कॉर्पस का 60% तक | आयकर लाभ जैसा कि एनपीएस में उपलब्ध

https://www.npscra.nsdl.co.in/ups.php से फॉर्म A2 डाउनलोड करें और अपने डीडीओ को जमा करें या ऑनलाइन आवेदन करें।
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.pfrda.org.in या संपर्क करें UPS हेल्प डेस्क (टोल-फ्री):18005712930
@PFRDAOfficial | @PFRDAOfficial | @pfrdaofficial | /company/pfrda/ | @pfrdaofficial
अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

## जैकेट के शेष

### पुलिस हिरासत में ....

गई। आरोपी युवक की मौत के बाद परिजन ने पुलिस पर बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। अब पुलिस ने इस मामले की न्यायिक जांच कराने की बात कही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिला मुख्यालय के दहेजवार स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नकना से बादी गिरोह के सदस्य उमेश सिंह आ. फेकू सिंह सहित 9 लोगों को हिरासत में लाया था। पुलिस की जांच में आरोपियों ने चोरी करने की बात स्वीकार की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा रविवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी लेकिन इससे पहले उमेश सिंह की मौत हो गई। आरोपी युवक की मौत को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लिया गया था और उससे पूछताछ की जा रही थी। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लौट रही थी। इसी दौरान उसकी तबियत बिगड़ी जिसके बाद आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी की मौत के बाद महकमें में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद एहतियातन पुलिस ने जिले के साथ ही कोतवाली थाने की सुरक्षा बढ़ा दी है।

**सिकलिंग का मरीज था :** पुलिस का कहना है कि आरोपी मृतक उमेश सिंह सिकलिंग का मरीज था। वह पहले से बीमार था और एक साल में उसे 2 बार ब्लड चढ़ाया गया जबकि 2 बार अस्पताल में भर्ती किया गया था। रविवार को भोर में 4.20 बजे उसकी उसकी तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां 4.45 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मारपीट जैसी घटना से इनकार किया है।

### जांच के निर्देश....

जांच के आदेश दिए गए है। रविवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट, एफएसएल की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम ने मृतक का पीएम किया। इस दौरान पुलिस ने पीएम की वीडियोग्राफी भी कराई है।

### परिजनों ने की ....

8 नवंबर को जब पुलिस उसे गाड़ी में बिठाकर कहीं ले जा रही थी तो वह चल भी नहीं पा रहा था। परिजन ने उसे खाने के लिए केला दिया था। परिजन का कहना है कि उमेश सिंह को कोई बीमारी नहीं थी। मारपीट के कारण उसकी मौत हुई। युवक की मौत के बाद भी पुलिस ने यह कहकर उन्हें अस्पताल में बुलाया था कि उमेश सिंह सीरियस है लेकिन उसकी मौत हो गई थी। मौत के बाद भी घंटों उसे मिलने नहीं दिया गया। परिजन ने अब इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

### 8 गेंदों पर लगातार ....

मेघालय ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 628 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। चौधरी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का लीसेस्टरशर के वेन व्हाइट के पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में एसेक्स के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। यही नहीं 25 वर्षीय चौधरी वेस्टइंडीज के महान सर गारफील्ड सोबर्स और भारत के रवि शास्त्री के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

**शास्त्री-युवराज का रिकॉर्ड तोड़ा :** क्रिकेट इतिहास में अब तक कई बार एक ओवर में 6 छक्के लगे हैं, लेकिन लगातार 8 गेंदों पर 8 सिक्स पहली बार लगे हैं। इससे पहले 6 गेंदों पर 6 छक्कों का रिकॉर्ड गैरी सोबर्स (1968) और रवि शास्त्री (1984-85) के नाम था। फैंस ने इस रिकॉर्ड के बाद 2007 टी-20 वर्ल्ड कप की याद ताज़ा की, जब युवराज सिंह ने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे।

### 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा...

कश्मीर के लिए खेलने वाले बंदीप सिंह के 15 गेंद पर अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। अब यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है जो आकाश चौधरी के नाम दर्ज हुआ।

### चीन से एमबीबीएस ....

करने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने यह भी खुलासा किया है कि उनका आका ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप पाकिस्तान से भेजता है। जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की एक टीम ने सात नवंबर को गांधीनगर के अडालज के निकट तेलंगाना के हैदराबाद निवासी डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद को गिरफ्तार किया, जिसके पास दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 कारतूस और अरंडी का चार लीटर तेल बरामद किया गया। चीन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाला सैयद एक बड़े आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए 'रिसिन' नाम का एक बेहद घातक ज़हर तैयार कर रहा था। जोशी ने बताया कि उसने ज़रूरी शोध शुरू कर दिया था, उपकरण और कच्चा माल जुटा लिया था और शुरुआती रासायनिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। रिसिन एक रासायनिक जहर है और इसे अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जा सकता है। जोशी ने कहा कि सैयद, शेख व सलीम हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात में थे और उन्होंने एक शक्तिशाली जहर 'रिसिन' से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। पूछताछ में सैयद ने बताया कि वह आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहा था और उसने गांधीनगर जिले के कलोल में एक सुनसान जगह से हथियार एकत्र किए थे।

**एक साल से संवेदनशील स्थानों की ले रहे थे टोह :** कॉल डिटेल रिकॉर्ड और आरोपियों से पूछताछ से पता चला है कि वे पिछले एक साल से संवेदनशील स्थानों की टोह ले रहे थे। हमें अब तक उनके संबंध में किसी स्थानीय स्लीपर सेल का पता नहीं चला है, लेकिन स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की संलिप्तता के हर पहलू की जांच की जाएगी। जोशी ने कहा कि वे आईएसकेपी से जुड़े हैं या नहीं, यह जांच का विषय है।

### कैंप गोमगुड़ा क्षेत्र में ....

की संयुक्त कार्रवाई से हुई है। ग्राम भीमापुरम जंगल के पास विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़े गए।

### नौकरी बदलते ही ....

फॉर्म-13 भरना होता था। पुराने और नए दोनों एम्प्लॉयर से वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के बाद ही पैसा ट्रांसफर होता था। इस पूरे काम में 1 से 2 महीने लग जाते थे, और कई बार क्लेम रिजेक्ट भी हो जाता था। ईपीएफओ के डेटा के अनुसार, हर साल लाखों क्लेम लंबे समय तक पेंडिंग रहते थे, जिससे कर्मचारियों को ब्याज का नुकसान झेलना पड़ता था।

**कर्मचारियों को मिलेंगे ये फायदे :** 1- समय की बचत होगी, क्योंकि अब ट्रांसफर अपने आप कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा 2- किसी भी डॉक्यूमेंट को अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी 3- इंटरेस्ट लगातार मिलता रहेगा, यानी पैसा चाहे ट्रांसफर में हो या किसी प्रोसेस में, ब्याज का नुकसान नहीं होगा 4- रिटायरमेंट के समय पूरी रकम एक ही जगह मिलेगी जिससे फाइनेंशियल मैनेजमेंट आसान होगा 5- खासकर प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए जॉब स्विचिंग अब आसान और सुरक्षित बन जाएगी

### पत्नी से ज्यादा ....

कि वे फाइलों को दबाकर न रखें और समय पर निर्णय लें। एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया, एक बार मैंने एक अधिकारी से पूछा, आप अपनी पत्नी से प्यार करते हैं, ठीक है, लेकिन फाइलों से उससे भी ज्यादा क्यों करते हैं? एक बार फाइल आती है तो उसे दबाकर रख देते हैं। अगर मंजूर करनी है तो करें, ना मंजूर करनी है तो करें, लेकिन कुछ तो निर्णय लें। फाइलों को यूं ही रोक कर रखने से क्या फायदा? गडकरी ने आगे कहा कि उन्होंने एक बड़े अधिकारी से यहां तक कह दिया था कि वह 'अमर प्रेम' के साक्षात्कार हैं, क्योंकि वह अपनी पत्नी से भी कई गुना ज्यादा फाइल से प्यार करते हैं। उनके इस तंज के बाद अधिकारी को अपनी गलती का एहसास हुआ।

**उद्यमियों के दर्द को समझें :** केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि जहां सरकारी कर्मचारियों को हर महीने की 1 तारीख को वेतन मिल जाता है, वहीं ठेकेदार और उद्योगपति कर्ज लेकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इन उद्यमियों के दर्द को समझना चाहिए जो वर्षों तक भुगतान या मंजूरी के लिए परेशान रहते हैं।

### हम मान्यता प्राप्त ....

के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम मान्यता प्राप्त संगठन हैं। उनके अनुसार, आयकर विभाग और अदालतों ने आरएसएस को व्यक्तियों का एक निकाय माना है और संगठन को आयकर से छूट दी गई है। आरएसएस प्रमुख ने पूछा, हमें तीन बार प्रतिबंधित किया गया। इसलिए सरकार ने हमें मान्यता दी है। अगर हमारा अस्तित्व नहीं था, तो उन्होंने किस पर प्रतिबंध लगाया? भागवत ने कहा कि कई चीजें पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। आरएसएस द्वारा केवल भगवा ध्वज का सम्मान करने और भारतीय तिरंगे को मान्यता नहीं देने के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि आरएसएस में भगवा को गुरु माना जाता है, लेकिन वह भारतीय तिरंगे का बहुत सम्मान करता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया और उसकी रक्षा की है।

## पेज एक के शेष

### बिजली बिल हॉफ योजना...

बनने के बाद यह योजना चल रही थी, लेकिन इस साल अगस्त में प्रदेश सरकार ने इस योजना में चार सौ यूनिट का दायरा कम कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं की खपत सौ यूनिट के अंदर हो रही है, उनको ही बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ मिल रहा है, जिन उपभोक्ताओं की खपत सौ यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा हो जाती है, उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

# कर्नाटक: कांग्रेस विधायक सतीश सैल की 21 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु



प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कर्नाटक कांग्रेस विधायक सतीश कृष्णा सैल की 21 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त की हैं.।यह कार्रवाई कथित अवैध आयरन ओर (लौह अयस्क) निर्यात मामले से जुड़ी है. ईडी के अनुसार, 2010 में बेलकेरी बंदरगाह पर बिना वैध परमिट के भारी मात्रा में लौह अयस्क मिला था, जिसके बाद लगभग 5 लाख मीट्रिक टन अयस्क जब्त किया गया था। मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 नवंबर को यह आदेश जारी किया गया। जब्त की गई संपत्तियां सतीश सैल और उनकी गोवा स्थित कंपनी 'श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड' के नाम पर हैं। प्रवर्तन एजेंसी की ओर से दाखिल चार्जशीट के अनुसार, वन विभाग के अधिकारियों ने 15 मार्च को बेलकेरी बंदरगाह का निरीक्षण किया था, जहां बड़ी मात्रा में आयरन ओर पाया गया। जांच में पता चला कि कुछ आयरन ओर (लौह अयस्क) के भंडारों के पास खान एवं भूविज्ञान विभाग और वन विभाग द्वारा जारी वैध परमिट और पास नहीं थे। इसके बाद लगभग 5 लाख मीट्रिक टन आयरन ओर फाइन को जब्त करते हुए एक आधिकारिक रिपोर्ट (महाजर) तैयार की गई।

### सतीश सैल की जमानत रद्द

*इससे पहले ईडी ने कर्नाटक, गोवा, दिल्ली और मुंबई में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। तलाशी के दौरान एजेंसी ने सतीश सैल को गिरफ्तार किया और करीब 8 करोड़ रुपये की नकदी व सोना जब्त किया। बाद में उन्हें चिकित्सकीय आधार पर अंतरिम जमानत दी गई थी, जिसे विशेष पीएमएलए अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया।*

## कश्मीर में पूर्व सीनियर सरकारी डॉक्टर के लॉकर में मिली एके-47

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सरकारी मेडिकल कॉलेज के एक पूर्व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के लॉकर से एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। पुलिस ने जॉइंट इंटेरोगेटिव सेंटर अनंतनाग की मदद से हथियार जब्त कर लिया है। वहीं, अनंतनाग के रहने वाले डॉक्टर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। मामले में आर्म्स एक्ट और यूएपीए के तहत भी आरोप लगाए गए हैं।

**डॉक्टर अदील काजीगुंड का रहने वाला :** डॉक्टर की पहचान अदील अहमद राथर के रूप में हुई है. वो अनंतनाग के काजीगुंड के रहने वाले हैं और 24 अक्टूबर, 2024 तक जीएमसी, अनंतनाग में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत थे. अधिकारियों के अनुसार, एके-47 राइफल जीएमसी अनंतनाग में डॉ. राठेर के निजी लॉकर से मिली। डॉक्टर और जब्त राइफल, दोनों अब श्रीनगर पुलिस की कस्टडी में हैं।

# पाक ने संविधान बदलकर असीम को बनाया तीनों सेना का अध्यक्ष

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की शक्तियां और बढ़ने जा रही है। इसके लिए पाकिस्तान अपने संविधान में संशोधन करने जा रहा है। बीते दिन इससे जुड़ा विधेयक भी संसद में पेश किया गया। इस विधेयक के पारित होते ही असीम की ताकत बढ़ जाएगी और पाकिस्तान भी सैन्य शासित देश होने की दिशा में एक कदम और बढ़ा देगा। शनिवार को पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने इस विधेयक को संसद में पेश किया।

**सेना में बनेगा सीडीएफ का नया पद :** रिपोर्ट के मुताबिक, विधेयक में पाकिस्तान सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज नामक एक नया पद प्रस्तावित किया है।सीडीएफ तीनों सेना प्रमुख के रूप में भी काम करेगाताकि तीनों सेनाएं सिंगल कमांड के अंतर्गत काम कर सके। नए संशोधन विधेयक के तहत राष्ट्रपति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर असीम मुनीर को इस पद पर नियुक्त करेंगे।

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा,
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासीगण ग्राम-नवागांव प.ह.नं. 02 तहसील- स. लोहारा, रा.नि.मं. स.लोहारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अधीक्षण अभियंता (वृत्त) छ.स्टे.पॉ. डि.कं.लिमि. कवर्धा, जिला-कबीरधाम ने अपने पत्र क्रमांक 54/2000/सामा./1528 कवर्धा दिनांक 16.09.2025 के माध्यम से ग्राम नवागांव प.ह.नं. 02 तहसील- स.लोहारा, रा.नि.मं. स.लोहारा जिला-कबीरधाम स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 235 रकबा 4.383 हेक्टे. में से रकबा 6.00 एकड़ नवसृजित डिपो भण्डार गृह निर्माण हेतु आबंटित किये जाने की मांग किया गया हैं, जिसके संबंध में न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 20.11.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 04.11.2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार कवर्धा
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com Contact No. - 08305143251, 09893404589, 08889088255

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 12 दिनांक- 08/11/2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में मेन्युफैक्चरिंग पी.पी. बेग सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है । ई - निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/- रू. + 311 /- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E- Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा क्रमांक- 179053<br>( OEM & Authorized Dealer)<br>As Per Specification of IS 14968-2015 Textiles, Amendment No. 5, February 2025, High Density Poly Ethelene (HDPE)/Poly Propelene (PP) Woven Sacks for Packngine Sugar<br>मैन्युफैक्चरिंग सामग्री | दिनांक 10/11/2025 समय दोपहर 12:00 बजे से 14/11/2025 को समय दोपहर 01:30 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 14/11/2025 समय दोपहर 02:00 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट www.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है ।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना
मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना

**चूंकि**, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रमा वर्मा, राधेश्याम वर्मा | मकान- ख.नं.108/26, प.ह.नं. 71, वेक मौजा बोरियाखुर्द, चंद्रशेखर आज़ाद वार्ड नं. 52, रा.नि.मं., रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर - विजय साहू का मकान, दक्षिण-रीता डेनियल का मकान, पूर्व - खेम सेन एवं बबलू यादव की भूमि, पश्चिम - सड़क। | 03-09-2025 | 1,580,567 | 06-11-2025 |
| 2. | राम केवल, रेखा | फ्लैट- प.ह.नं.101/29, मौजा/ग्राम- उरला, फोन नं. 029, ख.नं. 609/30 का भाग, रा.नि.मं.- धरसींवां, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001। चौहद्दी: उत्तर - विक्रेता का शेष प्लॉट, दक्षिण - नागेंद्र शाह का प्लॉट, पूर्व में - सड़क, पश्चिम में - मोतीलाल साहू का मकान। | 03-09-2025 | 416,087 | 06-11-2025 |
| 3. | मिखिल पटेल, पटेल जगदीश भाई, छोटा भाई | मकान-वार्ड नं. 59, ख.नं.- 32/48, प.ह.नं.- 42, ग्राम कातुलबोड़, हरि नगर, कातुलबोड़ (पूर्व) वार्ड, वार्ड नं.- 59, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.), दुर्ग, छत्तीसगढ़-490023 चौहद्दी: उत्तर - निर्मलकर जी का मकान, दक्षिण - आलोक पुरोहित का मकान, पूर्व - 20 फीट रोड, पश्चिम - सुरेंद्र जी का मकान। | 03-09-2025 | 3,018,713 | 06-11-2025 |
| 4. | अलख निरंजन शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, चिंता देवी | मकान-खसरा नं.17/58 का एक भाग, क्षेत्रफल 2000 वर्ग फीट, संपत्ति स्थिति- मौजा अटारी, वीर सावरकर नगर वार्ड नं. 01, प.ह.नं. 103/34, आर.आई.सी. रायपुर-2-हीरापुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - सड़क, पूरब- सड़क, पश्चिम - बिशात चंद्राकर आदि की भूमि। | 03-09-2025 | 946,793 | 06-11-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों और आम जनता को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, **जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

स्थान: भिलाई, रायपुर
दिनांक: 10-11-2025

प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## यूक्रेन के हमलों से रूस के दो प्रमुख शहरों में ब्लैक आउट

**कीव।** यूक्रेन द्वारा शनिवार रात किये गए हमलों के कारण उसकी सीमा से लगे रूस के दो प्रमुख शहरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रूसी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले के कारण वोरोनिश के कुछ हिस्सों में अस्थायी रूप से बिजली बाधित हो गई और 'हीटिंग सिस्टम' (सर्दियों में इमारतों या संयंत्रों को गर्म रखने की प्रणाली) ठप हो गई। उन्होंने कहा कि दस लाख से ज्यादा की आबादी वाले शहर के ऊपर रात में कई ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन उसके मलबे से आग लगी, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। रूस और यूक्रेन के टेलीग्राम चैनलों ने दावा किया कि हमले का लक्ष्य एक स्थानीय ताप विद्युत संयंत्र था। स्थानीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि शनिवार देर रात हुए एक मिसाइल हमले से बेलगोरोड शहर की बिजली आपूर्ति और 'हीटिंग सिस्टम' को भी 'गंभीर नुकसान' पहुंचा।

पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. eT-SrDME-WAT-323-2025

कार्य का नाम : 18 महीने की समयावधि हेतु वाल्टियर मण्डल के सेंट्रल सिक लाइन (CSL) और ओर एक्सचेंज कॉम्प्लेक्स (OEC) डिपो पर अनलोड करने योग्य 500 BOXN (एमएस वेरिएंट) वैगन, 700 BOXN (एसएस वेरिएंट) वैगन, 300 BOBRN वैगन और अन्य विशेष मरम्मत की हैवी बॉडी मरम्मत।

कार्य की अनुमानित लागत (₹): 17,91,29,410.20, EMD (₹): 10,45,700.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 18 महीने ।

निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक - 28.11.2025 को 1500 बजे.

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।


उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (फ्रेट), वाल्टियर

PR-774/Q/25-26

## शब्द पहेली - 6043



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6042 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6053

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स का मुनाफा दोगुना होकर 260 करोड़



**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में दोगुना होकर 260.51 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 130.32 करोड़ रुपये था।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली सोयाबीन तेल में आया सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी का एमएसपी से नीचे दाम पर बिकना जारी है। सट्टेबाजी के कारण ऊंचे दाम वाले पाम-पामोलीन की जाड़े की मांग प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

### मेदांता के शुद्ध मुनाफे में 21 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** मेदांता ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 158 करोड़ रुपये रहा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ने पिछले वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 131 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

# आलू-प्याज और टमाटर के दाम घटने से अक्टूबर में घरेलू वेज थाली हुई सस्ती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत अक्टूबर में (सालाना आधार पर) 17 प्रतिशत घटकर 27.8 रुपए पर आ गई है। पिछले साल अक्टूबर-2024 में वेज थाली की कीमत 33.3 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर की तुलना में अक्टूबर में 1 प्रतिशत घटी है। सितंबर में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी।

### नॉन-वेज थाली भी 12 प्रतिशत सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत अक्टूबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 54.4 रुपए पर आ गई है। पिछले साल अक्टूबर-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 61.6 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी सितंबर की तुलना में अक्टूबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3 प्रतिशत घटी है। सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 56 रुपए थी।

## शाकाहारी थाली की कीमत घटकर 27.8 रुपए पर आ गई, नॉन-वेज थाली की कीमत भी 12 प्रतिशत घटी

### आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज, टमाटर और दालों के दाम घटने के चलते वेज थाली की कीमत घटी है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, प्याज के दाम 51 प्रतिशत और आलू के भाव 31 प्रतिशत घटे हैं। वहीं दालों की कीमत में भी 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। इन कारणों से वेज थाली की कीमत घटी है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।



### थाली की एवरेज कॉस्ट

क्रिसिल ने नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट इंडिया में मौजूदा फूड कीमतों के आधार पर घर में थाली तैयार करने की एवरेज कॉस्ट कैलकुलेट की है। मंथली चेंज से आम आदमी के खर्च पर असर पड़ता है। क्रिसिल के डेटा से अनाज, दालें, ब्रॉयलर्स (चिकन), सब्जियां, मसाले, एडिबल ऑयल और कुकिंग गैस सहित उन सामग्रियों का भी पता चलता है, जो थाली की कीमत में बदलाव लाते हैं।

### चिकन के दाम गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 11 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत 6 प्रतिशथ बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थीं।

### चेक कार विनिर्माता की भारत में वैश्विक ब्रांड लाने की योजना

# स्कोडा भारतीय बाजार में और मॉडल लाएगी कंपनी फिलहाल नहीं उतरेगी ईवी बाजार में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चेक कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा भारतीय बाज़ार में अपने और वैश्विक ब्रांड लाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कोडा अपने विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना चाहती है। कंपनी, जो अभी भारत में सात लाख रुपये से लेकर 40 लाख रुपये तक की कीमत वाले उत्पाद बेचती है, की फिलहाल देश में इलेक्ट्रिक कार (ईवी) लाने की योजना नहीं है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, ''अगले साल के लिए, मूल पोर्टफोलियो, यानी स्थानीय रूप से निर्मित कारें, वही रहेंगी। हालांकि, बाजार में उत्साह बढ़ाने के लिए, जैसा कि हमने इस साल ऑक्टेविया के साथ किया था, हम अगले साल भारत में कुछ और वैश्विक, प्रतिष्ठित कारें लाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, उन्होंने उन मॉडल के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्हें कंपनी अगले साल देश में आयात करने की योजना बना रही है।

### दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखेगी

स्कोडा वर्तमान में भारतीय बाजार में काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे स्थानीय रूप से निर्मित मॉडल और ऑक्टेविया और कोडियाक जैसे आयातित मॉडल बेचती है। जनवरी से अक्टूबर, 2025 के बीच कंपनी ने 61,607 वाहन बेचे हैं। यह साल अभी तक कंपनी के लिए काफी मजबूत रहा है। कंपनी का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन खंड में अपनी दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है।

- कंपनी विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतें पूरा करना चाह रही
- स्कोडा सात लाख से 40 लाख रुपए तक की कीमत के उत्पाद बेचती है
- कंपनी ने भारत में ऑक्टोविया कार के साथ प्रवेश किया था



### वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड पहले ही पार कर चुकी

कंपनी 2022 के 53,721 इकाई के अपने पिछले वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड को पहले ही पार कर चुकी है। गुप्ता ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से शुरू हुई बिक्री की गति नवंबर और दिसंबर में भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''(त्योहारों के मौसम के बाद) इसमें कितना बदलाव आएगा और क्या रुझान उभरेंगे? मुझे लगता है कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मेरा मानना है कि यह गति जारी रहेगी।''

### भविष्य निश्चित रूप से ईवी कारों का

गुप्ता ने कहा कि भारत में प्रासंगिक बने रहने के लिए, भविष्य निश्चित रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों का ही है। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में हमने देखा है कि विद्युतीकरण की गति में कुछ देरी हो सकती है। लेकिन निश्चित रूप से, कोई भी विनिर्माता जो इस बाजार को लेकर गंभीर है, यह नहीं कह सकता कि हम ईवी में कदम नहीं रखेंगे। निश्चित रूप से, हम ईवी के लिए योजना बना रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने इसका अधिक ब्योरा नहीं दिया।

### कंपनी काइलैक श्रृंखला का विस्तार करेगी

कंपनी अगले साल और अधिक ट्रिम्स के साथ काइलैक श्रृंखला का विस्तार करने की योजना बना रही है, साथ ही कुशाक और स्लाविया को भी 'अद्यतन' रूप में पेश करेगी। कंपनी की ईवी रणनीति के बारे में पूछे जाने पर, गुप्ता ने कहा, ''दुनिया भर में हमारा ईवी पोर्टफोलियो बहुत बड़ा है। लेकिन मेरे नजरिये से, पिछले साल बाजार में बहुत सारी अनिश्चितताएं रही हैं... चाहे वह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा हो, ईवी नीति हो या कुछ और, एक स्थिर योजना बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।''

# जेपी एसोसिएट्स खरीदने की दौड़ में अदाणी समूह

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- अधिग्रहण के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) का अधिग्रहण करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। खनन क्षेत्र की बड़ी कंपनी वेदांता समूह ने सितंबर की शुरुआत में अदाणी समूह को पीछे छोड़ते हुए 12,505 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर बढ़त हासिल की थी। यह नीलामी जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए की गई थी, जिसका कारोबार रियल एस्टेट, सीमेंट, ऊर्जा, होटल और सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, जिंदल पावर लिमिटेड और पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड ने इस नीलामी प्रक्रिया में बोली नहीं लगाई। प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए इन पांचों कंपनियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद 14 अक्टूबर को इन पांच बोलीदाताओं ने सीलबंद लिफाफों में नई हस्ताक्षरित समाधान योजनाएं प्रस्तुत कीं।

### अदाणी ने दो साल के भीतर भुगतान का दिया प्रस्ताव

डालमिया की योजनाओं में भुगतान जेएएल और विकास प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) के बीच लंबित मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर निर्भर है। अदाणी समूह ने ऋणदाताओं को दो साल के भीतर भुगतान का प्रस्ताव दिया है, जबकि वेदांता ने पांच साल में किस्तों में भुगतान की बात कही है।

### अगले कुछ सालों में भारत करेगा स्कॉच व्हिस्की बाजार पर कब्जा

**नई दिल्ली।** भारत अगले कुछ साल में प्रतिस्पर्धी तीव्रता, प्रीमियमीकरण और आर्थिक वृद्धि के बल पर मूल्य और मात्रा के लिहाज से सबसे बड़ा वैश्विक स्कॉच व्हिस्की बाजार बनने के लिए तैयार है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के सीईओ मार्क केंट सीएमजी ने यह बात कही है।

मार्क केंट ने सिंगल माल्ट व्हिस्की बाजार में भारत के उभरने की सराहना करते हुए कहा कि स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन न केवल ब्रिटेन के बाजार में निर्यात के लिए, बल्कि अन्य वैश्विक बाजारों में भी साथ मिलकर संभावनाएं तलाश रहा है।

### सेल्सफोर्स भारत में निवेश और विकास जारी रखेगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी सेल्सफोर्स भारत में निवेश और कारोबार का विस्तार जारी रखेगी, क्योंकि देश में प्रतिभाओं का बड़ा और उपयुक्त समूह उपलब्ध है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार परमेश्वरन ने यह जानकारी दी। कंपनी ने 2005 में हैदराबाद में अपने पहले एक्सिलेंस सेंटर के साथ भारत में परिचालन शुरू किया था।




## बिजनेस साइट

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पाथ आईएएस एकेडमी बना छात्रों की पहली पसंद

**रायपुर।** पाथ आईएएस एकेडमी सिविल सेवा की तैयारी के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में उभरी है। पाथ आईएएस एकेडमी ने अपनी अद्वितीय शिक्षण पद्धति और परिणामों से पूरे राज्य में छात्रों के लिए 'सफलता की सुनामी' ला दी है। यह केवल कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि भविष्य के आईएएस और यूपीएससी अधिकारियों की आधुनिक फ़ैक्ट्री बन चुका है। पाथ आईएएस एकेडमी की सबसे बड़ी खासियत है हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम के लिए पूर्णतः अलग कक्षाएं होती है। 12वीं के बाद और स्नातक छात्रों के लिए विशेष पाठ्यक्रम, यूपीएससी अंडरग्रेजुएट और फाउंडेशन प्रोग्राम के साथ सीजीपीएससी के लिए विशेष कोर्स उपलब्ध हैं। अनुभवी शिक्षकों की टीम, व्यक्तिगत मेंटरशिप, एनसीआरटी आधारित अध्ययन सामग्री और परीक्षा अनुकूल टेस्ट सीरीज़ छात्रों की सफलता की कुंजी हैं। पाथ आईएएस एकेडमी की 100% स्कॉलरशिप परीक्षा 23 नवंबर 2025 को होगी, आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2025 है। क्यूआर कोड स्कैन कर आवेदन करें और रायपुर में अपने सिविल सेवा के सपने को साकार करें।



### बाइक दुर्घटना के बाद अचानक सुनाई देना बंद, इट्सा अस्पताल में इलाज से बची सुनने की क्षमता

**रायपुर।** रायपुर के एक 30 वर्षीय युवक की बाइक दुर्घटना के दो दिन बाद अचानक एक कान से सुनाई देना बंद हो गया। शुरू में युवक ने इसे सामान्य समस्या समझा, लेकिन स्थिति गंभीर होती गई। इसके बाद उन्होंने इट्सा अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजकुमार बरनवाल (एम.डी., इंटरनल मेडिसिन) से संपर्क किया। डॉ. बरनवाल ने मामले की गंभीरता को तुरंत समझा और उन्हें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार (कंसल्टेंट – ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी) के पास भेजा। इट्सा अस्पताल में डॉ. अमित कुमार ने मरीज का ऑडियोमेट्री टेस्ट कराया, जिसमें पता चला कि मरीज को अचानक एकतरफा संवेदी श्रवण हानि (SSNHL) हुई है। यह समस्या आमतौर पर कान के संवेदी अंग को क्षति, वायरल संक्रमण या किसी शारीरिक चोट के कारण हो सकती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। केवल दो दिनों में मरीज की सुनने की क्षमता में लगभग 50 प्रतिशत सुधार देखा गया, और एक सप्ताह के भीतर वह अपनी 90 प्रतिशत सुनने की क्षमता वापस पाने में सफल रहा।







# रायबाकिना का तूफानी फॉर्म, बनीं डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन

## एलेना को खिताब जीतने पर मिली 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि

एजेंसी ▶▶| रियाद

छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया। रायबाकिना ने रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की।

### सबालेंका ने जीती 27 लाख डॉलर की राशि

*रायबाकिना ने फाइनल्स जीतने के बाद कहा, 'यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा। मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा।' चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रायबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए।*

## हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के बाद जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस

**एथेंस।** चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।' इस फैसले का मतलब है कि मुसेटी उनकी जगह लेंगे।

### जोकोविच ने जीता कॅरियर का 101वां खिताब

जोकोविच सात बार एटीपी फाइनल्स जीत चुके हैं लेकिन पिछले साल भी चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। उन्होंने मुसेटी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर अपने करियर का 101वां खिताब जीता। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर अपना 72वां खिताब जीतकर पुरुषों का रिकॉर्ड भी बनाया, जो रोजर फेडरर से एक अधिक है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'एक अविश्वसनीय मुकाबला। तीन घंटे का मैच शारीरिक रूप से मुश्किल। मुझे इस मैच को जीतने पर खुद पर गर्व है।



## खबर संक्षेप



### रथिका ने शाहीन को दी कड़ी टक्कर, एनएसडब्ल्यू ओपन में रहीं दूसरी पोजिशन पर

**सिडनी।** रथिका सुथांथीरा सीलन एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था।

### 16 नवंबर से 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप



**गंगटोक।** सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने घोषणा की कि 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालीफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मैच एआईएफएफ के नियमों के अनुसार कृत्रिम टर्फ पर खेले जाएंगे और एसएफए के पास जरूरत पड़ने पर मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अधिकार होगा।

### पाकिस्तानी टीम से बाहर हुए नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान के उभरते बल्लेबाज हसन नवाज को खराब फॉर्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला और टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसन नवाज को कायदे आजम ट्रॉफी प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में खेलने के लिए कहा गया है। पीसीबी ने कहा कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टी20 टीम में हसन की जगह लेंगे। श्रीलंका के खिलाफ 11 नवंबर से रावलपिंडी में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए हसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं चुना गया है।

## त्रिपुरा ने पहली पारी में असम के खिलाफ बनाए 600 रन

# टीम इंडिया से बाहर चल रहे हनुमा विहारी ने ठोका बैक-टू-बैक शतक, मचाया तूफान

*हनुमा विहारी ने पहले बंगाल और अब असम के खिलाफ बैक टू बैक शतक ठोक दिया। इस बैटर के कमाल से त्रिपुरा ने पहली पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए।*

एजेंसी ▶▶| अगरतला

टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्टार बैटर हनुमा विहारी ने रणजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और अपने प्रदर्शन से सेलेक्टर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। त्रिपुरा के लिए रणजी में खेलते हुए इस बैटर ने असम के खिलाफ शतक ठोक दिया। अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में उन्होंने ये कमाल किया। हनुमा विहारी ने इससे पहले बंगाल के खिलाफ पहली पारी में 141 रन ठोके थे। ऐसे में विहारी ने एक और शतक लगाया और इस बार उन्होंने असम के खिलाफ कमाल किया। विहारी ने इस दौरान अहम स्ट्रोक्स खेले। इस बैटर ने 215 गेंदों पर 143 रन बनाए। इसमें उन्होंने 17 चौके और एक छक्का लगाया। इसका नतीजा ये रहा कि स्टम्प्स तक टीम का स्कोर 4 विकेट पर 316 रन था।

### त्रिपुरा ने 602 रन पर घोषित की पारी

इस तरह त्रिपुरा ने 7 विकेट गंवा 602 रन ठोके। असम की टीम के 4 विकेट 66 रन पर ही गिर गए। असम की टीम मुश्किल में नजर आ रही है। बता दें कि विहारी टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। इस बैटर ने भारत के लिए कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने 839 रन ठोके हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 के दौरान विहारी ने आर अश्विन के साथ मिलकर 40 ओवरों तक बल्लेबाजी की थी और सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराया था। इस ड्रॉप की बदौलत सीरीज 1-1 पर आ गई थी और अंत में भारत ने गाबा टेस्ट जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी।



### पृथ्वी शॉ ने जन्मदिन पर ठोकी फिफ्टी

*नासिक। टीम इंडिया से बाहर चल रहे युवा बैटर पृथ्वी शॉ रणजी में लगातार रन बना रहे हैं। इस बैटर ने कर्नाटक के खिलाफ नासिक के मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में अर्धशतक ठोका। शॉ ने इसके आगे भी शानदार बैटिंग की लेकिन वो महाराष्ट्र के लिए 71 रन बनाकर आउट हो गए। ये पारी उनके लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि उन्होंने 9 नवंबर को अपने 26वें जन्मदिन पर ये कमाल किया। कर्नाटक ने पहली पारी में 313 रन ठोके। इसके जवाब में पृथ्वी शॉ ने शानदार शुरुआत की। ओपनिंग में उनका साथ देने अर्शीन कुलकर्णी थे। इस बैटर ने 34 रन ठोके। इस तरह दोनों ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की।*

### मुशीर-सिद्धेश ने लगाया शतक, मुंबई ने पहली पारी में बनाए 446 रन

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 446 रन बनाए। पहली पारी में मुंबई के लिए आयुष महात्रे, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान जैसे बैटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो वहीं टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मुशीर खान और सिद्धेश लाड की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी जायसवाल के नहीं होने पर मुंबई के लिए पारी की शुरुआत मुशीर खान के साथ आयुष महात्रे ने की और एक तरफ जहां मुशीर ने शतक लगाया तो वहीं आयुष का बल्ला पहली पारी में नहीं चला। आयुष ने 8 गेंदों पर 9 रन की पारी खेली और आउट हो गए जबकि मुशीर खान ने 162 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 112 रन की शानदार पारी खेली। छठे नंबर पर बैटिंग करते हुए सिद्धेश लाड ने एक छक्के और 18 चौकों के साथ 127 रन की पारी खेली तो वहीं टीम के विकेटकीपर आकाश आनंद ने 34 रन बनाए।

क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजे गए सुंदर



**ब्रिसबेन।** वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। बीसीसीआई) ने रविवार को पोस्ट किए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।'

### श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी सुंदर

*भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया, जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।*

## डब्ल्यूबीबीएल में नहीं चला जेमिमा का बल्ला, हारी टीम

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

जेमिमा रोड्रिग्स की विश्व कप जीत के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही क्योंकि यह भारतीय बल्लेबाज महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ अपनी टीम ब्रिस्बेन हीट की सात विकेट से हार में केवल छह रन ही योगदान दे पाई। पिछले सप्ताह भारत की एकदिवसीय विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद अपना पहला मैच खेल रही जेमिमा प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब दिखीं लेकिन नौ गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गई। रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते प्रशंसकों को निराश किया लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में 'स्टार वैल्यू' का तड़का लगाया।



### रेनेगेड्स के स्पिनरों का दबदबा

जेमिमा ने कहा, 'मैं यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं।' हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई। रेनेगेड्स की कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम (12 रन पर तीन विकेट) और कैप्सी (22 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि टेस फ्लिंटॉफ (30 रन पर तीन विकेट) आखिरी ओवरों में हीट को वापसी का मौका नहीं दिया।

## शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए हूं गौरवान्वित : आर्यवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

### गोल्फ टूर्नामेंट का समापन, रणदीप हुड्डा ने खेला गोल्फ

गोल्फ महोत्सव जबलपुर के समापन कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य ने कहा कि शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने जिस उद्देश्य को लेकर मुझे जबलपुर बुलाया था वो पूरा हो गया है। गोल्फ महोत्सव के साथ ग्रीन खेल के युग की शुरुआत जबलपुर में हो चुकी है। इस महोत्सव में गोल्फ प्लेयर के साथ सेना के जवानों के जज्बे ने नई गति दी है।

रविवार को गोल्फ टूर्नामेंट में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने गोल्फ खेल कर ग्रीन खेल को प्रोत्साहित किया। 8 और 9 नवंबर को आर्मी क्षेत्र में गए गोल्फ महोत्सव में देश सहित जबलपुर के गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुए। रणदीप हुड्डा ने शहीदों के परिजनों सहित एंटी ओबेसिटी रन व गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सैन्य क्षेत्र में संचालित आशा स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों के किए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल के और बेहतर संचालन के लिए डेढ़ लाख की राशि भी गोल्फ फेडरेशन इंडिया ने प्रदान की।



### हम अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजे

*आर्यवीर आर्या ने कहा कि अपने व्यक्तित्व का निर्माण करिए देश का निर्माण तभी होगा। पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति से जुड़ने को लालायित है अतः हम अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजे। संस्कृति अपनाने से हमारे अंदर संस्कार के भाव आएंगे और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए खुद स्वस्थ रहना आवश्यक है। गोल्फ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मध्य क्षेत्र की ओर से आर्यवीर आर्य का सम्मानित किया गया। वही गोल्फ फेडरेशन की ओर से आर्यवीर आर्य ने लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत और राजलक्ष्मी शेखावत का सम्मान किया। कार्यक्रम में नागपुर विधायक एवं महाराष्ट्र गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष देशमुख व जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह भी मौजूद थे।*

## दक्षिण अफ्रीका ए ने भारत ए को पांच विकेट से हराया

# साउथ अफ्रीका ने 417 रन का लक्ष्य किया चेज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

साउथ अफ्रीका ए ने इंडिया ए को दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में पांच विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। बेंगलुरु में खेले गए मुकाबले में उसे ऋषभ पंत की कप्तानी टीम इंडिया से 417 रन का लक्ष्य मिला था। मेहमान टीम ने पांच बल्लेबाजों के अर्धशतकों से आखिरी दिन के आखिरी पलों में मैच अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीकी टीम की तरफ से जॉर्डन हरमन (91), लेसेगो सेनोक्वाने (77), जुबैर हमजा (77), टेम्बा बवुमा (59) और कोनोर ईस्टरहुइजेन (52) ने अर्धशतक लगाए। इंडिया ए के पास मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव जैसे स्टार गेंदबाज थे। फिर 400 से ऊपर का लक्ष्य बचाया नहीं जा सका।



### साउथ अफ्रीका ने तोड़ा रिकॉर्ड

साउथ अफ्रीका ए ने भारत में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में छठा सर्वोच्च लक्ष्य हासिल किया। उसने इंडिया ए का ही रिकॉर्ड तोड़ा, जिसने सितंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया ए से मिले 412 रन के टारगेट को हासिल किया था। अब ए टीमों के इतिहास में साउथ अफ्रीकी टीम के नाम सबसे बड़े टारगेट को हासिल करने का रिकॉर्ड हो गया।

### कप्तान पंत से हुई चूक

पहली पारी में भारत ने 255 रन बनाए थे तो अफ्रीका ए की टीम 221 रन पर सिमट गई थी। दूसरी पारी में भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत ने 382/7 पर पारी घोषित की और साउथ अफ्रीका ए को 417 का लक्ष्य दिया। मगर मेहमान टीम ने आसानी से इसे हासिल कर लिया। सीरीज का पहला मुकाबला भारत ए ने 3 विकेट से जीता था। अब दोनों देशों की ए टीमें 13 से 19 नवंबर तक तीन अनाधिकारिक वनडे मैचों की सीरीज खेलेंगी।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नेलसन

न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को नौ रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। जैमीसन ने गुरुवार को दूसरे मैच में भी आखिरी ओवर फेंका था, जिसे न्यूजीलैंड ने तीन रन से जीत लिया था। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। तीनों मैचों का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 13वें ओवर में 88 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे, जिससे लग रहा था कि न्यूजीलैंड आसानी से जीत जाएगा। लेकिन रोमारियो शेफर्ड ने 34 गेंद में 49 और शमर स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन बना दिए। इससे वेस्टइंडीज को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी। शेफर्ड और अकील होसेन क्रीज पर थे। आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी फिर से लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन को दी गई। उन्होंने संयम से गेंदबाजी करते हुए पहली चार गेंद में सिर्फ दो रन दिए और पांचवीं गेंद पर शेफर्ड को आउट कर मैच खत्म कर दिया।



# इंसानी दिमाग के विकास का पहला नक्शा तैयार! 5000 से ज्यादा सेल्स टाइप की हुई खोज

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने एक बहुत बड़े काम में एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह जानकारी ऑटिज्म और सिजोफ्रेनिया जैसी दिमाग की कुछ बीमारियों को ठीक करने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने बढ़ते हुए इंसान के दिमाग और स्तनधारी जीवों के दिमाग का पहला कच्चा नक्शा तैयार कर लिया है। इस रिसर्च में मुख्य रूप से इंसानों और चूहों के दिमाग की कोशिकाओं पर ध्यान दिया गया और साथ ही बंदरों के दिमाग पर भी कुछ काम किया गया है।



## दिमाग की कोशिकाओं की अद्भुत दुनिया

एलन इंस्टीट्यूट में दिमाग विज्ञान के डायरेक्टर और इस रिसर्च के प्रमुख वैज्ञानिक हांगकुई जेंग ने कहा, इन कोशिकाओं में अलग-अलग गुण और काम करने की जबरदस्त विविधता होती है। यहीं अलग-अलग तरह की कोशिकाएं मिलकर हमारे व्यवहार, भावनाएं और सोचने-समझने की क्षमता पैदा करती हैं। शोधकर्ताओं को चूहे के दिमाग में 5,000 से भी ज्यादा तरह की कोशिकाएं मिली हैं। माना जाता है कि इंसान के दिमाग में भी कम से कम इतनी ही तरह की कोशिकाएं होती हैं।

## दिमाग के खास हिस्सों पर फोकस

वैज्ञानिकों ने दिमाग के जिन हिस्सों के लिए कोशिकाओं के विकास का नक्शा बनाया उनमें शामिल थे, नियोकॉर्टेक्स जो दिमाग के सबसे बाहरी परत का वह हिस्सा है जहां सोचने-समझने की क्षमता पैदा होती है। हाइपोथैलेमस, यह दिमाग में मौजूद एक छोटी संरचना है जो हमारे शरीर का तापमान, ब्लड प्रेशर, मूड, नींद, यौन इच्छा, भूख और प्यास जैसी चीजों को कंट्रोल करने में मदद करती है। एक रिसर्च से पता चला है कि इंसानी दिमाग के ट्यूमर में कोशिकाओं का एक छोटा समूह भ्रूणीय पूर्वज कोशिकाओं जैसा होता है।

## दिमाग के विकास का नक्शा

वैज्ञानिकों ने अपने शुरुआती कच्चे नक्शे में दिमाग की अलग-अलग तरह की कोशिकाओं के बनने का पूरा ब्योरा तैयार किया। उन्होंने देखा कि, ये कोशिकाएं कैसे पैदा होती हैं, ये कैसे अलग-अलग रूप लेती हैं और कैसे खास काम वाली अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में बदलकर पूरी तरह विकसित होती हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी देखा कि समय के साथ इन कोशिकाओं में जीन कैसे चालू या बंद होते हैं।

## कैसे हुई ये खोज?

वैज्ञानिकों ने दिमाग की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले कुछ जरूरी जीन को पहचाना। उन्होंने यह भी पता लगाया कि इंसानों और जानवरों के दिमाग की कोशिकाएं किस तरह से एक जैसी विकसित होती हैं। साथ ही उन्होंने इंसानी दिमाग की कुछ खास बातें भी खोजीं जैसे कि कुछ ऐसी कोशिकाएं जो पहले कभी नहीं देखी गईं। इन सभी खोजों की पूरी जानकारी नेचर और इससे जुड़ी पत्रिकाओं में छपी कई रिसर्च रिपोर्ट्स में दी गई है।


## नहीं पहना था हेलमेट...स्कूटी सवार का कट गया 20 लाख रुपए का चालान

**नई दिल्ली।** मामला 4 नवंबर का है, जब नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कॉलोनी चौकी पर एक शख्स की स्कूटी का चालान काटा गया। कारण था।..न हेलमेट, न ड्राइविंग लाइसेंस और न ही गाड़ी के कागज। पर जब चालान की कॉपी देखी गई तो सबके होश उड़ गए। 20 लाख 74 हजार का चालान। दरअसल, सब इंस्पेक्टर से मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 भरते समय तकनीकी गलती हो गई। सिस्टम ने गलती से इस धारा की संख्या को जुर्माने में जोड़ दिया और चालान की रकम लाखों में पहुंच गई। जैसे ही यह चालान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोगों ने सवालों की झड़ी लगा दी। एक यूजर ने लिखा, क्या स्कूटी चलाने पर अब करोड़पति होना जरूरी है? दूसरे यूजर ने लिखा, इतना भारी चालान तो लग्जरी कार का भी नहीं होता। मामला बढ़ता देख ट्रैफिक विभाग ने जांच शुरू की। पता चला कि गलती मानवीय थी, जानबूझकर नहीं की गई थी।




# घायल कुत्ता खुद पहुंचा अस्पताल इलाज कराने, देखकर लोगों की फटी रह गईं आंखें

**नई दिल्ली।** कहते हैं ना कि जानवर बोल नहीं पाते, लेकिन उनके भी दिल होते हैं, उन्हें भी दर्द होता है बस फर्क इतना है कि वो इंसानों की तरह अपनी तकलीफ जुबान से नहीं कह सकते। सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी का दिल पिघला दिया है। इस वीडियो में एक घायल कुत्ता अपनी चोट का इलाज करवाने खुद अस्पताल पहुंच जाता है। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन जो वीडियो में नजर आ रहा है वो बिल्कुल सच्चा और बेहद भावुक कर देने वाला है। एक कुत्ता लंगड़ाता हुआ अस्पताल के गेट तक पहुंचता है। उसके चलने के तरीके से साफ दिखता है कि उसे दर्द हो रहा है। लेकिन, फिर भी वो किसी तरह अंदर आकर चुपचाप बैठ जाता है, जैसे उसे पता हो कि यहां उसकी मदद जरूर होगी। रिसेप्शन पर बैठी एक महिला उसकी तरफ बढ़ती है और ध्यान से देखने लगती है कि आखिर उसे चोट कहां लगी है। वो धीरे से उसके पास बैठती है, उसे सहलाती है और समझने की कोशिश करती है कि जानवर को कितनी तकलीफ है।









## 13 रुपए में शर्ट बेचने की सेल बनी मुसीबत, भीड़ उमड़ी तो दुकानदार भाग खड़ा हुआ



**लुधियाना।** सेल तो आपने बहुत देखी होंगी, लेकिन पंजाब के लुधियाना में एक दुकानदार ने ऐसी सेल लगा दी कि पूरा इलाका हिल गया। हालत ये हो गई कि उसे अपनी ही दुकान बंद करके वहां से भागना पड़ा। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ये घटना बिलकुल सच्ची है और अब सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। दरअसल, मामला लुधियाना के दुगरी इलाके का है, जहां स्टाइल फैशन वर्ल्ड नाम की एक कपड़ों की दुकान है। दुकान के मालिक इंद्रदीप सिंह ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लोगों को खुश करने के लिए एक ऑफर निकाला। 'सिर्फ 13 रुपए में शर्ट'। उसने कहा कि जो भी ग्राहक दुकान में आएगा, किसी भी शर्ट पर हाथ रखेगा, वो शर्ट उसे सिर्फ 13 रुपए में मिलेगी। अब जरा सोचिए जब आजकल एक चाय 20 रुपए की मिलती है, वहां सिर्फ 13 रुपए में ब्रांडेड शर्ट। जाहिर है कि ऐसा सुनते ही लोग टूट पड़े। बात यहीं खत्म नहीं हुई। किसी यूट्यूबर ने दुकानदार का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया, जिसमें वो सेल की पूरी डिटेल बताता नजर आया। वीडियो में इंद्रदीप सिंह अलग-अलग डिजाइन की शर्ट दिखाता है और गारंटी भी देता है कि अगर कपड़े में सिलाई या रंग की कोई खराबी निकली तो वो प्रोडक्ट वापिस ले लेगा। बस फिर क्या था, वीडियो वायरल हो गया! अगले ही दिन सुबह-सुबह करीब 300 लोग दुकान के बाहर पहुंच गए। हर किसी को बस एक ही चीज चाहिए थी। 13 रुपए की शर्ट। लोग लाइन लगाकर खड़े थे। कुछ मोबाइल से वीडियो बना रहे थे, तो कुछ पहले पहुंचने की कोशिश में धक्का-मुक्की करने लगे। जब दुकानदार आया तो उसने लोगों से कहा कि थोड़ा इंतजार करें, वो सफाई करके सेल शुरू करेगा। लेकिन, भीड़ इतनी बढ़ गई कि हालात संभालना मुश्किल हो गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com